दैनिक
# करंट क्राइम
www.currentcrime.com
सिर्फ सच...
दिल्ली व गाजियाबाद से एक साथ प्रकाशित
नई दिल्ली।। सोमवार 10 जून -2024 | वर्ष : 8 अंक : 241 पेज-08 | RNI NO. DELHIN/2015/65364 | मूल्य : ₹3







# पीएम नरेंद्र मोदी का राजतिलक

## मोदी मंत्रिमंडल में 20+ राज्यों के मंत्री, 71 सदस्यीय संतुलित टीम

## नई सरकार में इस बार 30 कैबिनेट मंत्री

**नई दिल्ली।** नरेंद्र मोदी ने लगातार तीसरी बार देश के प्रधानमंत्री पद की शपथ ले ली है। अब देशभर की निगाहें इस बात पर हैं कि प्रधानमंत्री अपने तीसरे कार्यकाल के लिए किस मंत्री को किस विभाग का जिम्मा सौंपते हैं।

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के तीसरे कार्यकाल के लिए कैबिनेट कमेटी ऑन सिक्योरिटी में किसी भी तरह के बदलाव के इच्छुक नहीं हैं। गौरतलब है कि कैबिनेट कमेटी ऑन सिक्योरिटी में प्रधानमंत्री के अलावा गृह मंत्री, रक्षा मंत्री, विदेश मंत्री और वित्त मंत्री शामिल होते हैं। इसलिए इन चारों मंत्रालयों को बहुत ही महत्वपूर्ण माना जाता है।

मोदी सरकार के दूसरे कार्यकाल में अमित शाह गृह मंत्री, राजनाथ सिंह रक्षा मंत्री, एस जयशंकर विदेश मंत्री और निर्मला सीतारमण वित्त मंत्री थीं। ड्रीम कैबिनेट में शामिल लोगों ने पीएम मोदी के तीसरे कार्यकाल में भी बहुमत से इन मंत्रालयों के लिए इन मौजूदा मंत्रियों को ही चुना है। बात अगर गृह मंत्री पद की करें तो तकरीबन 80 फीसदी लोगों ने अमित शाह को ही पीएम मोदी का गृह मंत्री चुना। इस पद पर अमित शाह को 25 हजार से ज्यादा वोट मिले। शाह के बाद करीब 7 फीसदी लोगों ने राजनाथ सिंह को, तो करीब 4 फीसदी लोगों ने शिवराज सिंह चौहान को गृह मंत्री के तौर पर अपनी पसंद बताया। तीन फीसदी लोगों ने नितिन गडकरी को इस पद के लिए चुना।रक्षा मंत्री पद पर लोगों की पहली पसंद राजनाथ सिंह रहे। राजनाथ सिंह को करीब 71 फीसदी वोट मिले। उन्हें 22 हजार से ज्यादा वोट देकर लोगों ने रक्षा मंत्री चुना। उनके अलावा सात फीसदी लोग इस पद पर अमित शाह को और चार-चार फीसदी लोग शिवराज सिंह चौहान और एस जयशंकर को देखना चाहते हैं।

विदेश मंत्री के तौर पर एस जयशंकर लोगों के फेवरेट रहे। करीब 75 फीसदी लोगों ने जयशंकर पर ही विदेश मंत्री के रूप में भरोसा जताया। इस पद पर दूसरी चॉइस के लिए निर्मला सीतारमण, पीयूष गोयल और ज्योतिरादित्य सिंधिया में कड़ी टक्कर रही। इन तीनों नेताओं को तीन-तीन फीसदी वोट मिले। सीसीएस में वित्त मंत्रालय ही ऐसा रहा जिसे लेकर लोगों में कुछ हद तक कन्फ्यूजन दिखाई दिया। हालांकि मौजूदा वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण इस रेस में 46 फीसदी वोट लेकर पब्लिक की पहली च्वाइस रहीं, लेकिन यहां मुकाबला पीयूष गोयल की एंट्री से दिलचस्प हो गया।

पीयूष गोयल को करीब 20 फीसदी यानी 6000 से ज्यादा लोगों ने वित्त मंत्री के रूप में नामित किया। उनके बाद 5 फीसदी लोग अश्विनी वैष्णव को वित्त मंत्री देखना चाहते हैं जबकि नितिन गडकरी, एस जयशंकर और शिवराज सिंह चौहान को चार-चार फीसदी लोगों ने ड्रीम कैबिनेट में अपना वित्त मंत्री चुना।



## समारोह की झलकियां





**मंचासीन हस्तियां** भाजपा नेता अमित शाह, राजनाथ सिंह, नितिन गडकरी, सर्बानंद सोनोवाल, राजीव रंजन (ललन) सिंह, जेपी नड्डा, शिवराज सिंह चौहान, धर्मेंद्र प्रधान, पीयूष गोयल, ज्योतिरादित्य सिंधिया, गजेंद्र सिंह शेखावत, एच. डी. कुमारस्वामी और मनसुख मंडाविया राष्ट्रपति भवन में मंच पर मौजूद रहे। इन सभी नेताओं ने सरकार में मंत्री पद की शपथ ग्रहण की।

## राजनाथ सिंह ने ली कैबिनेट मंत्री की शपथ

**नई दिल्ली।** भारतीय जनता पार्टी के सीनियर नेता राजनाथ सिंह ने भी कैबिनेट मंत्री पद की शपथ ली है। इससे पहले वह मोदी सरकार के पहले कार्यकाल में गृह मंत्री और दूसरे कार्यकाल में रक्षा मंत्री के रूप में कार्य कर चुके हैं। राजनाथ सिंह बीजेपी के राष्ट्रीय अध्यक्ष भी रह चुके हैं और उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री के रूप में भी कार्य कर चुके हैं।



राजनाथ ने अपनी सियासी पारी साल 1974 में शुरू की और 1977 में वह पहली बार विधायक चुने गए। 1988 में एमएलसी बनने के बाद 1991 में यूपी के शिक्षा मंत्री बने। इस दौरान उन्होंने कई क्रांतिकारी फैसले लिए। इसके बाद साल 1994 में वह राज्यसभा सांसद चुने गए। इसके बाद 1999 में पहली बार उन्हें केंद्रीय परिवहन मंत्री बनाया गया। इस दौरान उन्होंने अटल बिहारी वाजपेयी के ड्रीम प्रोजेक्ट नेशनल हाईवे डेवलेपमेंट प्रोग्राम की शुरूआत की। अक्टूबर, 2000 में वह उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री चुने गए। इस दौरान वह बाराबंकी की हैदरगढ़ सीट से विधायक चुने गए।

## रालोद के राष्ट्रीय अध्यक्ष जयंत चौधरी ने ली शपथ

**नई दिल्ली।** नरेंद्र मोदी ने रविवार (9 जून, 2024) को लगातार तीसरी बार पीएम पद की शपथ ली। इसके साथ ही इस शपथ ग्रहण समारोह में राष्ट्रीय लोकदल (रालोद) अध्यक्ष जयंत चौधरी ने राज्य मंत्री स्वतंत्र प्रभार के रूप में शपथ ली। जयंत चौधरी ने इंग्लिश में शपथ लेकर सभी को हैरान कर दिया, इस दौरान रालोद मुखिया सफेद कुर्ता-हरा गमछा में दिखाई दिए।एनडीए सरकार में रालोद के प्रमुख जयंत चौधरी राज्य मंत्री स्वतंत्र प्रभार के रूप में शपथ ली है। जयंत चौधरी पूर्व मंत्री अजीत सिंह के बेटे और पर्व प्रधानमंत्री चौधरी चरण सिंह के पोते हैं। चुनाव से पहले मोदी सरकार ने चौधरी चरण सिंह को भारत रत्न दिए जाने के ऐलान के बाद जयंत चौधरी इंडिया गठबंधन का साथ छोड़कर एनडीए में आ गए थे और एनडीए के साथ उनकी पार्टी ने यूपी में जबरदस्त प्रदर्शन किया है।2009 में पहली बार सांसद बने जयंत चौधरी आरएलडी चीफ जयंत चौधरी मथुरा से 2009 में पहली बार चुनाव जीतकर सांसद बने।



इसके बाद उन्होंने 2014 में फिर से मथुरा से चुनाव लड़ा, लेकिन वह बीजेपी प्रत्याशी हेमा मालिनी से हार गए। तो वहीं इस साल उनकी पार्टी एनडीए के साथ चुनावी रण में थी। इससे पहले उनकी पार्टी इंडिया गठबंधन के साथ चुनाव लड़ने वाली थी, लेकिन बाद में उन्होंने अपना इरादा बदल लिया था। तो वहीं 2021 में अजीत सिंह के निधन के बाद आरएलडी के चीफ बने और 2022 में राज्यसभा के सदस्य। यूपी की दो सीटों पर लड़ी आरएलडीजयंत चौधरी को एनडीए की तरफ से यूपी में दो सीटें मिली थी। बागपत और बिजनौर की सीटों पर आरएलडी के उम्मीदवारों ने जीत दर्ज की है।
दोनों सीटों पर जीत दर्ज कर आरएलडी ने जबरदस्त प्रदर्शन किया है।

## मोदी के शपथ ग्रहण में शामिल होने पहुंचे 7 पड़ोसी देशों के नेता

नई दिल्ली। प्रधानमंत्री पद के लिए नरेंद्र मोदी ने लगातार तीसरी बार शपथ ली। मोदी की मंत्रिपरिषद के शपथग्रहण समारोह में शामिल होने के लिए मालदीव के राष्ट्रपति मोहम्मद मुइज्जू, नेपाल के प्रधानमंत्री पुष्प कमल दाहाल 'प्रचंड' और श्रीलंका के राष्ट्रपति रानिल विक्रमसिंघे सहित भारत के पड़ोस और हिंद महासागर क्षेत्र के शीर्ष नेता रविवार को दिल्ली पहुंचे। मॉरीशस के प्रधानमंत्री प्रविंद कुमार जगन्नाथ और उनके भूटानी समकक्ष शेरिंग टोबगे भी समारोह के लिए दिल्ली पहुंचे।



## मोदी कैबिनेट के सिपहसालार करंट क्राइम

| | |
|---|---|
| राजनाथ सिंह | बीजेपी |
| अमित शाह | बीजेपी |
| नितिन गडकरी | बीजेपी |
| जेपी नड्डा | बीजेपी |
| शिवराज सिंह चौहान | बीजेपी |
| निर्मला सीतारमण | बीजेपी |
| एस जयशंकर | बीजेपी |
| मनोहर लाल खट्टर | बीजेपी |
| एचडी कुमारस्वामी | जेडीएस |
| पीयूष गोयल | बीजेपी |
| धर्मेंद्र प्रधान | बीजेपी |
| जीतन राम माझी | हम |
| राजीव रंजन सिंह (लल्लन सिंह) | जेडीयू |
| सबार्नंद सोनोवाल | बीजेपी |
| डॉक्टर वीरेंद्र कुमार | बीजेपी |
| राममोहन नायडू | टीडीपी |
| प्रह्लाद जोशी | बीजेपी |
| जुएल ओरांव (ओडिशा) | बीजेपी |
| गिरिराज सिंह | बीजेपी |
| अश्विनी वैष्णव | बीजेपी |
| ज्योतिरादित्य सिंधिया | बीजेपी |
| भूपेंद्र यादव | बीजेपी |
| गजेंद्र सिंह (राजस्थान) | बीजेपी |
| अन्नपूर्णा देवी (कोडरमा, झारखंड) | बीजेपी |
| किरेन रिजिजू | बीजेपी |
| हरदीप सिंह पुरी | बीजेपी |
| मनसुख मंडाविया | बीजेपी |
| जी किशन रेड्डी (तेलंगाना) | बीजेपी |
| चिराग पासवान | एलजेपी (रामविलास) |
| सीआर पाटिल (गुजरात) | बीजेपी |

**केंद्रीय राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार) लिस्ट-**

| | |
|---|---|
| राव इंद्रजीत सिंह | बीजेपी |
| डॉ. जितेंद्र सिंह (ऊधमपुर) | बीजेपी |
| अर्जुन राम मेघवाल | बीजेपी |
| प्रताप राव गणपत राव जाधव | शिवसेना (शिंदे गुट) |
| जयंत चौधरी | रालोद |

**केंद्रीय राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार) लिस्ट-**

| | |
|---|---|
| जितिन प्रसाद | बीजेपी |
| श्रीपद नाइक (गोवा) | बीजेपी |
| पंकज चौधरी | बीजेपी |
| किशन पाल गुर्जर | बीजेपी |
| रामदास अठावले (महाराष्ट्र) | आरपीआई |
| रामनाथ ठाकुर | जेडीयू |
| अनुप्रिया पटेल | अपना दल (एस) |
| वी. सोमन्ना (तुमकुर-कर्नाटक) | बीजेपी |
| नित्यानंद राय | बीजेपी |
| पी. चंद्रशेखर (गुंटूर, आंध्र प्रदेश) | टीडीपी |
| एसपी सिंह बघेल | बीजेपी |
| शोभा करंजलाजे (बेंगलुरु उत्तर सीट) | बीजेपी |
| कीर्तिवर्धन सिंह | बीजेपी |
| बीएल वर्मा | बीजेपी |
| शांतनु ठाकुर (बनगांव सीट, पश्चिम बंगाल) | बीजेपी |
| सुरेश गोपी (केरल, तृश्शूर) | बीजेपी |
| एल मुरुगन (मध्य प्रदेश से राज्यसभा सांसद) | बीजेपी |
| अजय टम्टा | बीजेपी |
| बंदी संजय कुमार | बीजेपी |
| कमलेश पासवान | बीजेपी |
| भागीरथ चौधरी (अजमेर, राजस्थान) | बीजेपी |
| सतीश चंद्र दुबे | बीजेपी |
| संजय सेठ | बीजेपी |
| रवनीत सिंह बिट्टू | बीजेपी |
| दुगार्दास उड़के | बीजेपी |
| रक्षा निखिल खडसे | बीजेपी |
| सुकांत मजूमदार | बीजेपी |
| सावित्री ठाकुर | बीजेपी |
| टोकन साहू | बीजेपी |
| राजभूषण चौधरी | बीजेपी |
| श्रीनिवास वर्मा | बीजेपी |
| हर्ष मल्होत्रा | बीजेपी |
| नीमूबेन बामणिया | बीजेपी |
| मुरलीधर मोहोल | बीजेपी |
| जॉज कुरियन | बीजेपी |
| पबित्रा मार्गेरिटा | बीजेपी |

# पीएम मोदी ने महात्मा गांधी, अटल बिहारी वाजपेयी के समाधि स्थल जाकर दी श्रद्धांजलि

## शहीद जवानों को भी किया नमन



**नई दिल्ली।** लगातार तीसरी बार प्रधानमंत्री पद की शपथ लेने से पहले पीएम नरेंद्र मोदी ने रविवार सुबह राष्ट्रपिता महात्मा गांधी और पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेयी के समाधि स्थल पहुंचकर श्रद्धांजलि अर्पित की। उन्होंने नेशनल वॉर मेमोरियल जाकर शहीद जवानों को नमन भी किया। पीएम आज सुबह सबसे पहले महात्मा गांधी के समाधि स्थल राजघाट पहुंचे और राष्ट्रपिता को श्रद्धांजलि अर्पित की। इसके बाद उन्होंने पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेयी के समाधि स्थल 'सदैव अटल पर जाकर उन्हें भी श्रद्धांजलि अर्पित कर नमन किया। अटल बिहारी वाजपेयी के समाधि स्थल पर बड़ी संख्या में मौजूद लोगों ने 'भारत माता की जय', 'मोदी-मोदी' और 'मोदी जी को - जय श्रीराम' जैसे नारों से उनका अभिवादन किया। लोग 'अटल बिहारी वाजपेयी - अमर रहे' के नारे लगाते भी सुनाई दिए। इसके बाद नरेंद्र मोदी ने नेशनल वॉर मेमोरियल पहुंचकर शहीद जवानों को नमन भी किया। नेशनल वॉर मेमोरियल पहुंचने पर तीनों सेनाओं के प्रमुखों ने उनका स्वागत किया। यहां भाजपा के वरिष्ठ नेता राजनाथ सिंह भी उनके साथ मौजूद रहे।

पीएम मोदी आज तीसरी बार प्रधानमंत्री पद की शपथ लेने जा रहे हैं। शाम को 7:15 बजे राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू राष्ट्रपति भवन में उन्हें पद एवं गोपनीयता की शपथ दिलाएंगी। शपथ ग्रहण समारोह की सारी तैयारियां पूरी हो गई हैं। उनके साथ भाजपा के कई नेता और सहयोगी दलों के कई सांसद भी आज मंत्री पद की शपथ ले सकते हैं। भारत की 'पड़ोसी पहले' नीति और 'सागर' दृष्टिकोण को सर्वोच्च प्राथमिकता के अनुरूप समारोह के लिए पड़ोसी देशों और हिंद महासागर क्षेत्र के नेताओं को विशिष्ट अतिथि के रूप में आमंत्रित किया गया है। श्रीलंका के राष्ट्रपति रानिल विक्रमसिंघे, मालदीव के राष्ट्रपति डॉ. मोहम्मद मुइज्जू, सेशेल्स के उपराष्ट्रपति अहमद अफिफ, बांग्लादेश की प्रधानमंत्री शेख हसीना, मॉरीशस के प्रधानमंत्री प्रविंद कुमार जगन्नाथ, नेपाल के प्रधानमंत्री पुष्प कमल दहल प्रचंड और भूटान के प्रधानमंत्री शेरिंग तोबगे शपथ ग्रहण समारोह में शामिल होंगे।

# भूटान के पीएम, श्रीलंका के राष्ट्रपति दिल्ली पहुंचे



**नई दिल्ली।** भूटान के प्रधानमंत्री शेरिंग तोबगे और श्रीलंका के राष्ट्रपति रानिल विक्रमसिंघे प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के शपथ ग्रहण समारोह में शामिल होने के लिए रविवार को दिल्ली पहुंच गये। हवाई अड्डे पर विदेश मंत्रालय में सचिव (पश्चिम) पवन कपूर ने शेरिंग तोबगे का और ओएसडी (ईआर एंड डीपीए) पी. कुमारन ने श्रीलंका के राष्ट्रपति का स्वागत किया। इससे पहले आज सुबह मालदीव के राष्ट्रपति मोहम्मद मुइज्जू और मॉरीशस के प्रधानमंत्री प्रविंद कुमार जगन्नाथ भी शपथ ग्रहण समारोह में शामिल होने के लिए यहां आये थे। प्रधानमंत्री मोदी आज शाम 7.15 बजे राष्ट्रपति भवन में पद एवं गोपनीयता की शपथ लेंगे। राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू उन्हें शपथ दिलाएंगी। भारत की 'नेबरहुड फर्स्ट' पॉलिसी और 'सागर' मिशन को दी जा रही प्राथमिकता के तहत इन देशों के राष्ट्राध्यक्षों को निमंत्रण भेजा गया है। पीएम मोदी के शपथ ग्रहण समारोह में भाग लेने वाले नेताओं में श्रीलंका के राष्ट्रपति रानिल विक्रमसिंघे, मालदीव के राष्ट्रपति डॉ. मोहम्मद मुइज्जू, सेशेल्स के उपराष्ट्रपति अहमद अफिफ, बांग्लादेश की प्रधानमंत्री शेख हसीना, मॉरीशस के प्रधानमंत्री प्रविंद कुमार जगन्नाथ, नेपाल के प्रधानमंत्री पुष्प कमल दहल ह्यप्रचंडह्न और भूटान के प्रधानमंत्री शेरिंग तोबगे शामिल हैं। वहीं, सेशेल्स के उपराष्ट्रपति अहमद अफिफ और बांग्लादेश की पीएम शेख हसीना शनिवार को ही भारत आ गई थीं।

# करनाल के युवाओं को पीएम मोदी से कई उम्मीदें

**करनाल।** नरेंद्र मोदी रविवार को लगातार तीसरी बार देश के प्रधानमंत्री के पद की शपथ लेने वाले हैं। ऐसे में हरियाणा के करनाल के युवाओं को पीएम मोदी से कई उम्मीदें हैं। कोई विकास की बात कर रहा है, कोई रोजगार की तो कोई जनसंख्या नियंत्रण कानून की बात कर रहा है। सागर नाम के एक शख्स ने कहा कि पीएम मोदी तीसरी बार शपथ लेने वाले हैं। उनके दस सालों के कार्यकाल को देखकर कहा जा सकता है कि देश को एक अच्छा नेतृत्व मिला है। मैं चाहता हूं कि इसी तरह देश आगे बढ़ता रहे। प्रधानमंत्री ने देश का नाम विश्व में रोशन किया है। सागर ने आगे कहा कि आज भारत वैश्विक स्तर पर उभरती हुई ताकत है। बेरोजगारी के मुद्दे पर युवाओं की सुनी जाए। प्रधानमंत्री मोदी आम जनता की आवाज सुनें और उनकी समस्याओं का समाधान करें। 2047 के विजन पर देश आगे बढ़ रहा है। वहीं मनीष ने बड़ी प्रतिक्रिया जाहिर करते हुए कहा कि पीएम नरेंद्र मोदी का दस साल का कार्यकाल बेमिसाल रहा।

## न्यूज डायरी

### आम आदमी पार्टी की कोई विचारधारा नहीं है : नवीन जिंदल



**यमुनानगर।** कुरुक्षेत्र लोकसभा से चुनाव जीतने के बाद भाजपा सांसद नवीन जिंदल रादौर पहुंचे। रादौर पहुंचने पर कार्यकर्ताओं ने उनका जोरदार स्वागत किया। इस दौरान उन्होंने आग आदमी पार्टी को निशाने पर लिया। उन्होंने कहा कि इस पार्टी की कोई विचारधारा ही नहीं है। उन्होंने कहा कि लोकसभा क्षेत्र में पार्टी और उनके खुद के संकल्प पत्र के अनुरूप जल्द ही काम शुरू किए जाएंगे। मेडिकल सुविधाओं के आलावा समाजसेवा के कार्यों पर जल्द ही काम शुरू किया जाएगा। पत्रकारों से बातचीत के दौरान सांसद नवीन जिंदल ने आम आदमी पार्टी पर बड़ा हमला बोला। उन्होंने कहा कि चुनाव तक कांग्रेस के साथ मिलकर चुनाव लड़ने वाली पार्टी अब कांग्रेस नेताओं पर ही भीरतघात का आरोप लगा रही है। उन्होंने कहा कि आम आदमी पार्टी को कांग्रेस के नाम पर 80 प्रतिशत वोट मिले हैं, आम आदमी पार्टी की कोई विचारधारा ही नहीं है। चुनाव खत्म होने के बाद से ही आप नेता कांग्रेस के खिलाफ बयानबाजी करने लगे। प्रदेश के मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी की तारीफ करते हुए उन्होंने कहा कि सीएम सैनी ने कई ऐतिहासिक कदम उठाए हैं। सरपंचों की समस्या भी दूर की गई है। ये सरकार जनता की है, ये लोगों की सरकार है। हम साथ मिलकर काम करेंगे। आपको बताते चलें, देश के जाने-माने उद्योगपति नवीन जिंदल ने कुरुक्षेत्र लोकसभा सीट से जीत दर्ज की है। जिंदल ने आम आदमी पार्टी के प्रत्याशी सुशील गुप्ता को 29 हजार से ज्यादा वोटों से हराया है। नवीन जिंदल को 5 लाख 42 हजार 175 वोट तो वहीं, सुशील गुप्ता को 5 लाख 13 हजार 154 वोट मिले। नवीन जिंदल ने हाल ही में कांग्रेस का साथ छोड़कर भाजपा का दामन थामा था।

### जोधपुर सांसद गजेंद्र सिंह शेखावत को तीसरी बार मिलेगी केंद्रीय मंत्रिपरिषद में जगह



**जयपुर।** जोधपुर लोकसभा सीट से लगातार तीन बार संसद पहुंचने वाले गजेंद्र सिंह शेखावत को तीसरी बार भी मंत्रिपरिषद में जगह मिलने वाली है। प्रधानमंत्री आवास पर रविवार सुबह पीएम नरेंद्र मोदी द्वारा दी गई टी पार्टी में वह भी शामिल हुए थे। शेखावत ने मंत्री बनाये जाने पर प्रधानमंत्री के प्रति आभार व्यक्त किया। मीडिया से बात करते हुए उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री ने तीसरी बार अपनी टीम में शामिल कर उन्हें देश सेवा का मौका दिया है। उन्होंने कहा, देश को विकसित बनाने का प्रधानमंत्री का संकल्प और जिन मुद्दों को लेकर हम चुनाव में जनता के बीच गये थे, उन्हें पूर्ण प्रतिबद्धता के साथ पूरा किया जाएगा। शेखावत ने जोधपुर लोकसभा सीट से लगातार तीसरी बार उन्हें उम्मीदवार बनाने के लिए पार्टी के केंद्रीय नेतृत्व का आभार जताया और पार्टी कार्यकर्ताओं तथा शहर के लोगों को उन्हें विजयी बनाने के लिए धन्यवाद दिया।

### मंत्री बनाने का ऑफर देने पर भी भाजपा को नहीं देंगे समर्थन : हरियाणा निर्दलीय विधायक



**चरखी दादरी।** चरखी दादरी के निर्दलीय विधायक और सांगवान खाप के प्रधान सोमबीर सांगवान ने हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी के बयान पर पलटवार करते हुए भाजपा पर बड़ा हमला बोला है। दरअसल, हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने कहा था कि प्रदेश के तीनों निर्दलीय विधायकों को मनाकर वापस भाजपा में शामिल कराएंगे। सीएम सैनी के इसी बयान पर विधायक सोमबीर सांगवान ने पलटवार किया है। उन्होंने कहा कि तीनों निर्दलीय विधायक का कांग्रेस को पूर्ण रूप से समर्थन है और रहेगा। भाजपा सरकार इन विधायकों को चाहे मंत्री बनाने का ऑफर दे या राष्ट्रपति बनाने का, वे भाजपा को समर्थन नहीं देंगे। उन्होंने कहा कि तीनों निर्दलीय विधायक भाजपा में नहीं जाएंगे। सीएम उनको लोभ और लालच देना छोड़ दें। तीनों विधायक अपने फैसले पर अडिग हैं। इन तीनों विधायकों ने कांग्रेस को समर्थन देकर हरियाणा में भाजपा सरकार को अल्पमत में लाकर छोड़ दिया है। सैनी सरकार हरियाणा में विधायकों का फ्लोर टेस्ट कराएगी तो फेल हो जाएगी। चंडीगढ़ एयरपोर्ट पर कंगना रनौत के साथ हुई बदसलूकी पर प्रतिक्रिया देते हुए उन्होंने कहा कि वह ओछे शब्दों का प्रयोग करती हैं। सीआईएसएफ की महिला जवान की भावनाओं को ठेस पहुंची थी, इसलिए वह ऐसा करने पर मजबूर हो गई। कंगना रनौत के बयानों से समाज में गलत संदेश गया था और इसी का परिणाम है कि आवेश में आकर महिला जवान ने कंगना पर थप्पड़ जड़ दिया। कंगना को समाज में तानाबाना का भी ख्याल रखना चाहिए और उन्हें अपने ओछे ब्यान का खामियाजा भुगतना पड़ा।

### नवीन पटनायक के करीबी बीजद नेता पांडियन ने सक्रिय राजनीति से लिया संन्यास



**भुवनेश्वर।** ओडिशा के पूर्व मुख्यमंत्री नवीन पटनायक के करीबी माने जाने वाले बीजू जनता दल (बीजद) के नेता वी.के. पांडियन ने रविवार को सक्रिय राजनीति से संन्यास ले लिया। पांडियन ने रविवार को एक वीडियो जारी कर अपने फैसले की घोषणा की। पूर्व आईएएस अधिकारी ने कहा कि उन्होंने ₹अपनी अंतरात्मा की आवाज पर यह फैसला किया है। उन्होंने हाल ही में विधानसभा चुनावों में पार्टी की हार की तरफ इशारा करते हुए कहा कि वह कुछ पॉलिटिकल नैरेटिव का समय पर जवाब देने में असफल रहे। उन्होंने कहा कि उनके ऊपर विरोधी दलों द्वारा लगाये गये आक्षेप यदि इस चुनाव में पार्टी की हार का कारण रहे हैं तो वह इसके लिए माफी चाहते हैं। ओडिशा की 147 सदस्यीय विधानसभा के लिए हुए चुनाव में भाजपा को 78 और बीजू जनता दल को 51 सीटों पर जीत मिली है। कांग्रेस ने 14 और माकपा ने एक सीट जीती जबकि तीन निर्दलीय उम्मीदवार विजयी रहे। वहीं, लोकसभा की 21 सीटों में से 20 भाजपा के खाते में और एक कांग्रेस के खाते में गई जबकि बीजद एक भी सीट नहीं जीत सकी।

# हरियाणा से पानी नहीं छोड़ा गया तो एक-दो दिन में दिल्ली में होगा बड़ा जल संकट : आतिशी




**नई दिल्ली।** दिल्ली की जल मंत्री आतिशी ने हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सिंह को एक बार फिर पत्र लिखकर कहा है कि यदि पड़ोसी राज्य दिल्ली के लिए अतिरिक्त पानी नहीं छोड़ता है तो राष्ट्रीय राजधानी को अगले एक-दो दिन में बड़े जल संकट का सामना करना पड़ेगा। आतिशी ने पत्र में लिखा, पिछले कुछ दिनों से हरियाणा मुनक नहर में पर्याप्त पानी नहीं छोड़ रहा है। इसके परिणाम स्वरूप राष्ट्रीय राजधाना के लोगों को अनुचित कष्ट उठाना पड़ रहा है। पत्र में कहा गया है कि मई 2018 में अपर यमुना रिवर बोर्ड की 53वीं बैठक में हुए समझौते के अनुसार, मुंडक नहर के जरिये दिल्ली को 1,050 क्यूसेक (56.8 करोड़ गैलन प्रतिदिन) पानी दिया जाना था। रास्ते में पानी के नुकसान को देखते हुए 1,013 क्यूसेक (54.8 करोड़ गैलन प्रतिदिन) पानी दिल्ली पहुंचना चाहिये। मंत्री ने अपने पत्र में लिखा कि दिल्ली के बवाना में, जहां मुंडक नहर का पानी केंद्रशासित प्रदेश में प्रवेश करता है, इसकी मात्रा मापी गई थी। अपर यमुना रिवर बोर्ड के प्रतिनिधियों ने पिछले सप्ताह इन फ्लो मीटरों की जांच की थी। गर्मी के समय में भी बवाना में दिल्ली को मिलने वाले पानी की औसत मात्रा 980 से 1,030 क्यूसेक के बीच होती है।

लेकिन इस बार इसकी मात्रा 840 क्यूसेक तक घट गई है। उन्होंने बताया कि इतनी कम मात्रा में पानी मिलने से दिल्ली के सात जल शोधन संयंत्र यहां के लोगों के लिए प्रयाप्त मात्रा में जल शोधन करने में समर्थ नहीं हैं। उन्होंने कहा कि यदि हरियाणा आज ही पर्याप्त मात्रा में पानी नहीं छोड़ता है तो अगले एक-दो दिन में दिल्ली में बड़ा जल संकट होगा। आतिशी ने हरियाणा के मुख्यमंत्री से दिल्ली के लिए मुंडक नहर में कम से 1050 क्यूसेक पानी छोड़ने का अनुरोध किया।

# जम्मू-कश्मीर में 70 से ज्यादा विदेशी आतंकवादी सक्रिय, 15वीं कोर के जीओसी ने की पुष्टि



**श्रीनगर।** श्रीनगर स्थित सेना की 15वीं कोर के जनरल ऑफिसर कमांडिंग (जीओसी) लेफ्टिनेंट जनरल राजीव घई ने रविवार को केंद्र शासित प्रदेश में विदेशी आतंकवादियों की मौजूदगी के बारे में जम्मू-कश्मीर के डीजीपी आर.आर. स्वैन द्वारा बताये गये आंकड़ों की पुष्टि की। उत्तरी कश्मीर के बारामूला में जनरल बिपिन रावत स्टेडियम में कारगिल के युद्धवीरों के सम्मान समारोह से इतर संवाददाताओं से बात करते हुए लेफ्टिनेंट जनरल घई ने कहा, डीजीपी आर.आर. स्वैन ने जम्मू-कश्मीर में 70-80 विदेशी आतंकवादियों के सक्रिय होने की जो बात कही है वह सही है। जीओसी ने कहा कि सुरक्षा बलों ने अब स्थानीय की बजाय विदेशी आतंकवादियों पर फोकस करना शुरू कर दिया है। उन्होंने कहा, सभी सुरक्षा एजेंसियां पूरे तालमेल के साथ इन विदेशी आतंकवादियों से निपट रही हैं। दक्षिण कश्मीर में सबसे लंबे समय तक एलईटी का कमांडर रहे रियाज दार के मारे जाने पर जीओसी ने कहा कि आतंकवादियों के खिलाफ हर अभियान सफल हो रहा है। उन्होंने कहा कि कश्मीर में एलओसी पर हालात स्थिर हैं। उन्होंने सेना के हिमालयन रेजिमेंट की तारीफ करते हुए कहा, कारगिल युद्ध में इस रेजीमेंट ने दुश्मनों को करारी शिकस्त दी। जम्मू-कश्मीर में आगामी विधानसभा चुनाव के बारे में लेफ्टिनेंट जनरल घई ने कहा कि घाटी में सुरक्षा के हालात स्थिर बने हुए हैं और आगामी विधानसभा चुनाव के दौरान हालत स्थिर बनाए रखने के लिए सभी उपाय किये गये हैं।

# एक बार फिर पीएम मोदी के हाथों में देश की कमान



**प्रयागराज।** रविवार को नरेंद्र दामोदर दास मोदी ने एक बार फिर प्रधानमंत्री पद की शपथ ली। नरेंद्र मोदी का तीसरी बार प्रधानमंत्री बनना अपने आप में काफी खास है। पीएम पद की शपथ लेने के बाद प्रधानमंत्री जवाहरलाल नेहरू की बराबरी कर लेंगे। दरअसल पीएम मोदी से पहले सिर्फ जवाहरलाल नेहरू तीन बार चुनाव जीतकर देश के प्रधानमंत्री बने थे। पीएम मोदी के शपथ ग्रहण को लेकर देश भर में जश्न का माहौल रहा। देश में तीसरी बार पीएम मोदी को प्रधानमंत्री बनते देख देश के युवा से लेकर बुजुर्ग तक काफी उत्साहित नजर आ रहे थे।

इसी बीच आईएएनएस ने आम लोगों से पीएम मोदी के तीसरे कार्यकाल को लेकर बात की। विकास अग्रवाल ने पीएम मोदी को बधाई देते हुए कहा कि उन्होंने अपने दो पिछले कार्यकाल में जिस तरह से बेहतर काम किया है, उसी तरह से इस कार्यकाल में भी बेहतर काम करें। हमें पूरी उम्मीद है कि पीएम मोदी अपने इस कार्यकाल में भी बेहतर काम करेंगे। अपने दो कार्यकाल में पीएम मोदी ने देश और देश की जनता के हित में काम किया। दीपेश मेहरोत्रा का कहना है कि ये हमारे लिए सौभाग्य की बात है कि हम ऐसे देश में रह रहे हैं जिसका नेतृत्व नरेंद्र मोदी कर रहे हैं।

पीएम मोदी तीसरी बार ही नहीं, बल्कि 2029 में भी देश के प्रधानमंत्री बनेंगे। पीएम मोदी के दस साल का कार्यकाल परफॉर्म, रिफॉर्म और ट्रांसफॉर्म का कार्यकाल था। इस दस साल में जिस तरीके से देश की अर्थव्यवस्था, विदेश नीति, देश की सुरक्षा को बेहतर बनाने के लिए उन्होंने काम किया, उसी का परिणाम उन्हें मिला है। उन्होंने एक बार फिर प्रधानमंत्री पद की शपथ ली है और अब अगले पांच साल में देश में जो भी समस्याएं हैं, उनका समाधान होगा। यूसीसी, एनआरसी, सीएए, पीओके जैसे मुद्दे पर एक निर्णायक पहल होने वाली है। जिस स्थिति में पीएम मोदी तीसरी बार प्रधानमंत्री बने हैं वह नेहरू जी से बहुत अलग है, चुनौतीपूर्ण है लेकिन हमें उम्मीद है कि पीएम मोदी इसमें बेहतर प्रदर्शन करेंगे। व्यवसायी संजय कुमार कहते हैं कि पीएम मोदी ने जनता की उम्मीदों को पूरा किया और इस बार भी जनता को उनसे काफी उम्मीद है। पीएम मोदी ने अपने दस साल के कार्यकाल में कई सारी सफलताएं हासिल कीं।

अगले पांच साल में बहुत बेहतर काम होने वाले हैं। तीसरे कार्यकाल में युवाओं को रोजगार दिया जाएगा, देश की सुरक्षा और बेहतर होगी, जो भी कमियां है वह इस बार दूर होगी। नेहरू जी से पीएम मोदी की तुलना नहीं की जा सकती। क्योंकि पीएम गरीब परिवार से आते हैं। कार्तिकेय शुक्ला ने कहा कि पीएम मोदी के शासनकाल में कई क्षेत्रों में विकास हुआ है। पीएम मोदी के कार्यकाल में कई बेहतर चीजें हुई हैं। उधर नितिन गुप्ता का कहना है कि पीएम मोदी के काम को आने वाली पीढ़ियां याद करेंगी। उन्होंने देश की जनता के लिए कई योजनाएं चलाई जिससे हर वर्ग के लोग लाभान्वित हुए। उन्होंने जिस तरह का विकास किया, उसके बारे में किसी ने कल्पना भी नही की है। आने वाले पांच साल में देश की जनता को उनसे काफी उम्मीद है।

# शपथ ग्रहण कार्यक्रम भारत के लिए महत्वपूर्ण दिन : शेरिंग तोबगे



**नई दिल्ली।** नरेंद्र मोदी रविवार शाम तीसरी बार प्रधानमंत्री पद की शपथ लेने जा रहे हैं। शपथ ग्रहण समारोह में शामिल होने के लिए विदेशी मेहमान भी भारत पहुंचे हैं। इनमें नेपाल और भूटान के प्रधानमंत्री व मालदीप के राष्ट्रपति शामिल हैं। नेपाल के प्रधानमंत्री पुष्प कमल दहल रविवार को दिल्ली पहुंचे। वह नरेंद्र मोदी व उनकी कैबिनेट के शपथ ग्रहण समारोह के साक्षी बनेंगे। गौरतलब है कि मनोनीत प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी आज शाम 7.15 बजे पर प्रधानमंत्री पद की शपथ लेंगे। यह लगातार तीसरा अवसर है, जब नरेंद्र मोदी प्रधानमंत्री पद की शपथ लेने जा रहे हैं। शपथ ग्रहण कार्यक्रम का हिस्सा बनने के लिए मालदीव गणराज्य के राष्ट्रपति मोहम्मद मुइज्जू भी भारत आए हैं और दिल्ली पहुंच चुके हैं। इसी तरह भूटान के प्रधानमंत्री शेरिंग तोबगे भी शपथ ग्रहण कार्यक्रम में शामिल होंगे। शेरिंग तोबगे का कहना है कि वह भारत आकर काफी प्रसन्न हैं। काफी कम अंतराल में वह दूसरी बार भारत आए हैं और इसकी उन्हें काफी खुशी है। उन्होंने शपथ ग्रहण कार्यक्रम को भारत के लिए महत्वपूर्ण दिन बताया। उन्होंने कहा कि वह शपथ ग्रहण समारोह में महामहिम राजा और भूटान के लोगों का प्रतिनिधित्व कर रहे हैं। शेरिंग तोबगे ने सफल चुनाव के लिए भारतीयों को बधाई दी। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को लोगों का भरोसा और विश्वास हासिल है। गौरतलब है कि भाजपा के बाद टीडीपी ही एनडीए का सबसे बड़ा घटक दल है। एक अन्य घटक दल जेडीएस के नेता और पूर्व प्रधानमंत्री एचडी देवेगौड़ा शपथ ग्रहण समारोह में शामिल नहीं हो सकेंगे। वह अपने खराब स्वास्थ्य के कारण शपथ ग्रहण समारोह में नहीं आ रहे हैं। पूर्व प्रधानमंत्री ने एक पत्र के माध्यम से कहा कि उनका खराब स्वास्थ्य उन्हें यहां आने की इजाजत नहीं दे रहा है, लेकिन वह टीवी पर प्रधानमंत्री के शपथ ग्रहण समारोह को जरूर देखेंगे।

# रायबरेली में कुछ अलग करके दिखाना होगा राहुल को

## संगठन को मजबूत करने के साथ ही जनता के वादों पर खरा उतरने की कड़ी चुनौती भी है



**रायबरेली।** रायबरेली में मिली बड़ी जीत ने राहुल गांधी की चुनौतियों को बढ़ा दिया है। 2019 में जीत के बाद से सोनिया गांधी ने पांच साल तक स्वास्थ्य कारणों से रायबरेली से दूरी बनाए रखी। उनके प्रतिनिधि केएल शर्मा ने किसी तरह स्थानीय लोगों को गांधी परिवार से जोड़े रखा।

दूरी की वजह से रायबरेली में सांगठनिक रूप से कांग्रेस कमजोर हुई। यही कारण रहा कि 2022 के विधानसभा चुनाव में कांग्रेस प्रत्याशियों को करारी हार का सामना करना पड़ा।

ऐसे में राहुल के सामने संगठन को मजबूत करने के साथ ही जनता के वादों पर खरा उतरने की कड़ी चुनौती भी है। जिले के लोगों के सीधे संपर्क की आस को भी राहुल को पूरा करना होगा।

विस चुनाव में हो गया था सूपड़ा साफ, करना होगा बहुत काम

लोकसभा चुनाव में तो हर बार गांधी परिवार के साथ जिले की जनता खड़ी रही, लेकिन विधानसभा चुनावों में कांग्रेस को लगातार हार मिल रही है।

जिले से लेकर गांव स्तर तक संगठन की कमजोरी के कारण 2022 के चुनाव में सभी विधानसभा सीटों पर न केवल कांग्रेस का सूपड़ा साफ हुआ, बल्कि प्रत्याशियों की जमानत तक जब्त हो गई। 2027 में होने वाले विधानसभा चुनाव के लिए राहुल को कड़ी मेहनत करनी होगी। रायबरेली में पहले की तरह विधानसभा की सभी सीटों पर परचम लहराना राहुल गांधी के लिए बड़ी चुनौती है।

# प्रधानमंत्री आवास पहुंचे अमित शाह, जेपी नड्डा; पीएम मोदी की 'टी पार्टी' में शामिल रहे कई अन्य दिग्गज नेता



**नई दिल्ली।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी रविवार शाम राष्ट्रपति भवन में लगातार तीसरी बार पद की शपथ लेंगे। इससे पहले वह 7 लोक कल्याण मार्ग स्थित पीएम आवास पर चुनिंदा सांसदों के साथ चाय पर चर्चा कर रहे हैं। माना जा रहा है कि इस 'टी पार्टी' में मौजूद नेता आज शाम को राष्ट्रपति भवन में पीएम मोदी के साथ मंत्री पद की शपथ ले सकते हैं। भाजपा राष्ट्रीय अध्यक्ष जे.पी. नड्डा और अमित शाह पीएम आवास पर पहुंच गए हैं। प्रधानमंत्री आवास पर पहुंचे अन्य नेताओं में शिवराज सिंह चौहान, अर्जुन राम मेघवाल, ज्योतिरादित्य सिंधिया, पंकज चौधरी, राव इंद्रजीत सिंह, बीएल वर्मा और अन्नपूर्णा देवी शामिल हैं। आज शाम को 7:15 बजे राष्ट्रपति भवन में राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू पीएम मोदी को पद एवं गोपनीयता की शपथ दिलाएंगी। शपथ ग्रहण समारोह की सारी तैयारियां भी पूरी हो गई हैं। उनके साथ भाजपा के कई नेता और सहयोगी दलों के कई सांसद भी आज मंत्रिपद की शपथ ले सकते हैं। टीडीपी की तरफ से राम मोहन नायडू और पेम्मासानी चंद्र शेखर के मंत्री पद की शपथ लेने की बात सामने आई है। पीएम मोदी ने आज सुबह राष्ट्रपिता महात्मा गांधी और देश के पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेयी के समाधि स्थल पर पहुंचकर श्रद्धांजलि अर्पित की। उन्होंने नेशनल वॉर मेमोरियल जाकर शहीद जवानों को नमन भी किया। वह सबसे पहले महात्मा गांधी के समाधि स्थल राजघाट पहुंचे और राष्ट्रपिता को श्रद्धांजलि अर्पित की। इसके बाद पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेयी के समाधि स्थल 'सदैव अटल' पर जाकर उन्हें भी श्रद्धांजलि अर्पित की। अटल बिहारी वाजपेयी के समाधि स्थल पर काफी संख्या में मौजूद लोगों ने 'भारत माता की जय', 'मोदी-मोदी' और ' मोदी जी को - जय श्रीराम' जैसे नारों से उनका अभिवादन किया। लोग 'अटल बिहारी वाजपेयी - अमर रहे' के नारे लगाते भी सुनाई दिए। इसके बाद पीएम ने नेशनल वॉर मेमोरियल पहुंचकर शहीद जवानों को भी नमन किया। वहां तीनों सेनाओं के प्रमुखों ने उनका स्वागत किया। इस दौरान वरिष्ठ भाजपा नेता राजनाथ सिंह भी उनके साथ मौजूद रहे।

दैनिक करंट क्राइम
www.currentcrime.com
सिर्फ सच...
03 ● नई दिल्ली।। सोमवार 10 जून-2024 दिल्ली व गाजियाबाद से एक साथ प्रकाशित

## खुशी के पल



गाजियाबाद (करंट क्राइम)। बीजेपी के महानगर अध्यक्ष संजीव शर्मा को भी राष्ट्रपति भवन से निमंत्रण प्राप्त हुआ। उनके लिए खुशी की बात ये है कि उनकी भागीदारी इस चुनाव में डबल रही है। वो लगातार प्रधान मंत्री नरेंद्र मोदी के लोकसभा संसदीय क्षेत्र वाराणसी में प्रवास पर रहे । चुनाव प्रचार किया और उससे पहले गाजियाबाद में लोकसभा चुनाव में अतुल गर्ग के लिए प्रचार किया। अब जब एनडीए गठबंधन सरकार बनी है तो कैबिनेट शपथ ग्रहण समारोह के लिए उन्हें भी निमंत्रण मिला है। संजीव शर्मा दिल्ली पहुंचे और शपथ ग्रहण समारोह में शामिल हुए।




# कुछ ऐसा है देश की राजनीति में राजनाथ सिंह का कद
# पीएम के बाद दूसरे नंबर पर ली तीसरी बार कैबिनेट मंत्री की शपथ

गाजियाबाद (करंट क्राइम)। राजनाथ सिंह भाजपा की ही नहीं देश की राजनीति का बड़ा नाम हैं। उनकी मिसाल इस मामले में भी दी जा सकती है कि राजनीति जैसी काजल की कोठरी में रहकर उन्होंने कभी खुद पर कोई दाग नहीं आने दिया है। उनका व्यक्तित्व ऐसा है कि विपक्ष के नेता भी सम्मान करते हैं। अपने लहजे और शब्दों में उन्हें हमेशा ध्यान रहता है कि मयार्दा का पालन हो। भारत की राजनीति में राजनाथ सिंह का कद इतना बड़ा है इसका एहसास रविवार को तब हुआ जब भारत की सरकार चुनी जा रही थी और राजनाथ सिंह जैसे नेता ने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के बाद दूसरे नंबर पर कैबीनेट मंत्री की शपथ ग्रहण की। ये तीसरा मौका है जब राजनाथ सिंह कैबीनेट मंत्री मोदी सरकार में बने हैं। वो वर्ष 2014 में गृहमंत्री बनाये गये थे।

वर्ष 2019 में वो देश के रक्षा मंत्री बने और अब उन्हें क्या प्रभार दिया जायेगा उसको लेकर कयास लगाये जा रहे हैं लेकिन राजनीति में उनका कद कितना बड़ा है इसका मुलाहिजा रविवार को हो गया। राजनाथ सिंह ने दूसरे नंबर पर जब शपथ ली तो इस नजारे के गवाह देश के सियासत के बड़े चेहरे बने। राजनीति में वो देश के उन चुनिंदा चेहरों में है जिन पर कोई भी दल आरोप नहीं लगा सकता है। हमेशा एक शालीन मुस्कान उनके चेहरे पर रहती है और सबसे बड़ी बात ये है कि वो राजनीति में शुचिता की एक बड़ी मिसाल हैं।



### प्रदेश के मुख्यमंत्री से लेकर भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष भी रहे हैं राजनाथ सिंह

करंट क्राइम। राजनाथ सिंह भाजपा की राजनीति में एक प्रभावशाली चेहरा हैं। वो उत्तर प्रदेश सरकार में मंत्री भी रहे हैं और उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री भी रहे हैं। वो उत्तर प्रदेश सरकार में शिक्षा मंत्री रहे हैं। उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री रहे हैं और इससे पहले भी वो कैबीनेट में मंत्री रह चुके हैं। वो भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष भी रहे हैं और अब वो तीसरी बार लगातार कैबीनेट मंत्री का कार्यभार संभालेंगे।

### कद था राष्ट्रीय अध्यक्ष और सम्मान करता था गाजियाबाद का भी विपक्ष

करंट क्राइम। राजनाथ सिंह के गाजियाबाद से कितने आत्मीय संबंध हैं ये सब जानते हैं। एक ऐसा व्यक्तित्व जिसकी अनुपस्थिति में माननीय जी कहकर सम्बोधित किया जाता है और राजनाथ सिंह भी संबंध की इस कसौटी पर खरे उतरे हैं। संबंधों को कैसे निभाया जाता है ये कोई उनसे सीखे। वो जब भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष थे तब ये उनका व्यवहार था कि उनकी सरकार नहीं थी लेकिन उनका व्यवहार आदरणीय माननीय बनाता था। एक ऐसे नेता जिनका सम्मान गाजियाबाद का समूचा विपक्ष करता था। जब वो गाजियाबाद आते थे तो उनके राजनगर स्थित आवास पर कार्यकताओं का मेला लगा करता था। और सबसे बड़ी बात ये थे कि वो भी कार्यकर्ता को अहसास कराते थे कि तुम हमारे लिए खास हो। भाजपा कार्यकर्ता सचिन सोनी के पिता का निधन हुआ था तो राष्ट्रीय अध्यक्ष होते हुए राजनाथ सिंह एक कार्यकर्ता के निवास पर उसके पिता के निधन पर शोक व्यक्त करने गये थे। जब उनके प्रतिनिधि रहे बलदेवराज शर्मा की पत्नी का निधन हुआ तो कैबीनेट मंत्री होते हुए राजनाथ सिंह उसी शाम दिल्ली से गाजियाबाद बलदेवराज सिंह के आवास पर उनके गम में शामिल होने पहुंचे थे, दुख व्यक्त करने पहुंचे थे। कार्यकर्ता को पहचानना और उसे नाम से पुकारना राजनाथ सिंह की वो अदा है जिसके सब कायल हैं।

### जब बेटे का नाम आते ही बैठक छोड़कर चले गये थे राजनाथ सिंह

करंट क्राइम। आज की राजनीति में शुचिता की मिसाल राजनाथ सिंह हैं और वो युवाओं के भी आदर्श हैं। आज जब राजनीति में ऐसे भी चेहरे हैं जो अपने बेटे को मंत्रीमंडल में स्थान दिलाने के लिए शर्ते रखते हैं। ऐसे भी चेहरे हैं जो अपने परिवार में टिकट की पैरोकारी करते हैं। लेकिन राजनीति में सिद्धान्तवादिता की जीती जागती मिसाल राजनाथ सिंह हैं। इसका सबसे उदाहरण है कि जब साहिबाबाद सीट से उनके बेटे पंकज सिंह का भी नाम चल रहा था और ये माना जा रहा था कि चूंकि पंकज सिंह राजनाथ सिंह के बेटे हैं इसलिए उनका टिकट तो हो ही जायेगा लेकिन यहां राजनाथ सिंह ने वो मिसाल पेश की थी जिसे राजनीति में हमेशा याद रखा जायेगा। वो भाजपा की टिकट की बोर्ड बैठक में थे। सबके नामों पर अपनी राय दे रहे थे। लेकिन जैसे ही उनके बेटे पंकज सिंह का नाम टिकट के लिए आया तो राजनाथ सिंह ने तुरंत वह बैठक छोड़ दी थी। वह अपनी सीट से खड़े हो गये थे और यह कह दिया था कि इस नाम पर मैं कोई फैसला नहीं कर सकता और फिर पंकज सिंह का टिकट साहिबाबाद से नहीं हुआ था। राजनाथ सिंह जैसे लोग आज की राजनीति में एक आदर्श हैं।

## गाजियाबाद से है राजनाथ सिंह के परिवार का आत्मीय नाता



करंट क्राइम। वो एक बार गाजियाबाद आये थे और हमेशा के लिए गाजियाबाद वालों के दिल में बस गये। राजनाथ सिंह वर्ष 2009 में गाजियाबाद का लोकसभा चुनाव लड़े और इसके बाद वो लखनऊ से चुनाव लड़े और लगातार वहीं से सांसद हैं। लेकिन राजनाथ सिंह और उनके परिवार का गाजियाबाद से आत्मीय नाता है। इसकी बानगी तब भी देखी गई थी जब काफी समय पहले राजनाथ सिंह के पैर में चोट लगी थी। दिल्ली वाला आवास इस बात का गवाह हैं कि उनकी कुशल शेम पूछने के लिए गाजियाबाद की भाजपा से लोग पहुंचे थे। राजनाथ सिंह लखनऊ में चुनाव लड़ते हैं और गाजियाबाद के भाजपाई लखनऊ में डेरा डालकर प्रचार करते हैं। नीरज सिंह गाजियाबाद आते हैं तो एक काफिला गाजियाबाद के युवा भाजपाईयों का उनके साथ चलता है। यहां कोई राजनीतिक आकांक्षा नहीं है यहां कोई टिकट की महत्वाकांक्षा भी नहीं है। यहां केवल संबंधों का केवल आत्मीय सेतू है और ये प्रगाड़ता केवल संबंधों से ही आती है आत्मीयता से आती है।

## नहीं आया मोदी कैबिनेट में इस बार गाजियाबाद का नाम

### बड़ी उम्मीद थी कि अतुल गर्ग को मिलेगा 2024 वाली टीम में स्थान





गाजियाबाद (करंट क्राइम)। गाजियाबाद लोकसभा सीट तीन बार से वीवीआईपी सीट घोषित हो रही थी। यहां से मान लिया गया था कि इस बार भी लोकल भाजपाई को टिकट नहीं मिलेगा। यहां राजनाथ सिंह 2009 में चुनाव जीते। उसके बाद 2014 और 2019 में जनरल वीके सिंह चुनाव जीते। इस बार परिस्थितियां कुछ ऐसी हुईं कि टिकट गाजियाबाद के शहर विधायक अतुल गर्ग को मिला और वो सांसद बन गये। अतुल गर्ग जब लोकसभा चुनाव जीते तो ये उम्मीद लगायी जा रही थी कि उन्हें मोदी कैबिनेट में स्थान मिल सकता है वो एनडीए सरकार में मंत्री बन सकते हैं। लेकिन जब रविवार को कैबिनेट मंत्रियों का नाम आना शुरू हुआ तो गाजियाबाद के भाजपाई लगातार टीवी पर नजरें गढ़ाये रहे लेकिन गाजियाबाद का नाम नहीं आया। उम्मीद इस लिए थी कि पिछले 10 सालों से लोकसभा सासद रहे जनरल वीके सिंह कैबिनेट मंत्री वाली पारी खेल रहे थे। जनरल वीके सिंह विदेश मंत्री से लेकर उड़ान मंत्री रहे वो राष्ट्रीय राजमार्ग मंत्री रहे तो ये माना जा रहा था कि इस बार भी गाजियाबाद को मोदी कैबिनेट में स्थान मिलेगा लेकिन गाजियाबाद का नाम कैबिनेट वाली लिस्ट में नहीं आया। यहां इस बात की उम्मीद थी कि पहली बार चुनाव जीतने पर जनरल वीके सिंह का मंत्री बनाया जा सकता है तो फिर पहली बार चुनाव जीतने पर अतुल गर्ग को भी मंत्री पद दिया जा सकता है। वो विधानसभा का चुनाव पहली बार जीते थे तो उन्हें प्रदेश सरकार में मंत्री बनाया गया था। वैसे भी अगर वोट मार्जिन के हिसाब दे देंखे तो राहुल गांधी के बाद वो दूसरे ऐसे मंत्री हैं जो सबसे ज्यादा वोट लेकर आये हैं। अगर उनकी लोकसभा में भी विपक्ष के वोटों का विभाजन हो जाता तो वो नोएडा वालों का रिकार्ड भी ब्रेक कर देते। बहरहाल जो भी हो लेकिन गाजियाबाद इस बार कैबिनेट वाली लिस्ट से अभी बाहर है। उनके लोकसभा सांसद को कैबिनेट में नहीं लिया गया है। गाजियाबाद वाले रविवार को लगातार टीवी देखते रहे और टीवी पर नामों की घोषणा होती रही, सांसद आते रहे और कैबिनेट मंत्री की शपथ लेते रहे। लेकिन गाजियाबाद का नाम नहीं आया।

### मोदी कैबिनेट 1.0, 2.0 में भी नहीं बना था यूपी से कोई वैश्य चेहरा मंत्री

करंट क्राइम। अगर समीकरण की बात करें और पुराने रिकार्ड को देखें तो ये पता चलता है कि उत्तर प्रदेश के किसी वैश्य चेहरे को कैबिनेट में स्थान नहीं मिला है। यूपी के वैश्य चेहरों को कैबिनेट में क्यों नहीं लिया जाता है ये शीर्ष नेतृत्व जाने लेकिन आंकड़े यही बता रहे हैं कि उत्तर प्रदेश में मोदी 1.0, मोदी 2.0 में भी यूपी का कोई वैश्य चेहरा स्थान नहीं बना पाया था। वैश्य कोटे की बात करें तो 2014 की कैबिनेट में यूपी का कोई वैश्य चेहरा नहीं लिया गया था। 2019 में भी यूपी से किसी भी वैश्य चेहरे को कैबिनेट में स्थान नहीं मिला था और अब जब मोदी 3.0 कैबिनेट बनी तो इसमें भी यूपी का कोई वैश्य चेहरा नहीं आया और जिस गाजियाबाद को 10 साल से केन्द्रीय मंत्री वाली चेयर दी जा रही थी उस गाजियाबाद की भी केयर कैबिनेट वाले टीम में नहीं है।

## पुलिस के बड़े अधिकारी के खिलाफ लोनी विधायक की जंग जारी



### विधायक ने फिर लिखा अपर मुख्य सचिव को पत्र और मामला बताया कुछ इस तरह विचित्र

**गाजियाबाद (करंट क्राइम)**। लोनी विधायक नन्द किशोर गुर्जर ने दो दिन पहले एक पत्र उत्तर प्रदेश के अपर मुख्य सचिव गृह को लिखा था और एक पुलिस अधिकारी की कार्यशैली को लेकर सवाल उठाये थे। लोनी विधायक ने शनिवार को एक पत्र फिर अपर मुख्य सचिव गृह और मुख्यमंत्री के प्रमुख सचिव को लिखा। विचित्र बात ये है कि इस पत्र में आरोप लगाये गये हैं लेकिन इसे धन्यवाद एवं अभिनंदन पत्र का नाम दिया गया है। विधायक ने अपने पत्र में ये कहा है कि 8 जून को अपर मुख्य सचिव गृह को दूरभाष पर सुरक्षा को लेकर अवगत कराने के बाद गाजियाबाद के पुलिस अधिकारी द्वारा 2 सुरक्षा कर्मी मेरे आवास पर शनिवार को भेजे गये और हर दो घंटे में लोकेशन भेजने के लिए कहा। विधायक ने लिखा है कि शनिवार को मैं अपने आवास पर नहीं था लेकिन मुझे जानकारी प्राप्त हुई कि तीन महीने से हटाये गये सुरक्षा कर्मी मेरे आवास पर पहुंचे और शाम 6 बजे इन पुलिस कर्मियों को पुलिस लाईन में बुला दिया गया।

विधायक लोनी नन्द किशोर गुर्जर ने पुलिस अधिकारी पर अनुशासन हीनता का अरोप लगाया है और कहा है कि यह भाजपा की उदारवादी नीतियों का परिणाम है कि जनप्रतिनिधियों तक को इस तरह से अपमानित किया जा रहा है। लोनी विधायक नन्द किशोर गुर्जर ने अपने धन्यवाद और अभिनंदन पत्र में फिर से अपर मुख्य सचिव से यह पूछा है कि मैं जनपद में रहूं या अन्य राज्य में शरण ले लूं। बहरहाल लोनी विधायक के इस लैटर के बाद से ये मैटर बढ़ता नजर आ रहा है। वो लगातार पत्र लिख रहे हैं और पुलिस अधिकारी को घेर रहे हैं और शासन पर सवाल उठा रहे हैं।

## क्या जनप्रतिनिधियों वाली बैठक के चले गये हैं बड़े और गंभीर संदेश
### कैबिनेट मंत्री सुनील शर्मा और सांसद अतुल गर्ग को क्यों डालनी पड़ी अखबारों की कटिंग

**गाजियाबाद (करंट क्राइम)**। गाजियाबाद की राजनीति में सरकार और सरकारी महकमें के अधिकारी किसी बात को लेकर कोल्ड वॉर वाले सीन में हैं। अधिकारी तो शांत हैं लेकिन सरकार वालों ने यानी सांसदों और विधायकों ने मोर्चा खोला है, ऐसा बताया जा रहा है। शनिवार को एक प्रेस विज्ञप्ति जारी हुई जिसमें एक पुलिस अधिकारी को रडार पर लिया गया।

लोनी विधायक नन्द किशोर गुर्जर का लैटर आया और इस लैटर के बाद कैबिनेट मंत्री सुनील शर्मा और लोकसभा सांसद अतुल गर्ग ने अपना स्पष्टीकरण दिया और बताया कि यह तो एक अनौपचारिक बैठक थी। चुनावों में व्यस्त रहने के कारण हम लोग बहुत दिनों से मिले नहीं थे लिहाजा एक साथ चाय पीने पर सहमति हुई। सुनील शर्मा और अतुल





गर्ग ने किसी भी रणनीति बनाने से इंकार किया था और कहा था कि यह कोई बैठक नहीं थी और आपस में मिलन था। इसमें सुरक्षा का भी मामला हुआ था और सामान्य बातें हुईं थी।

कुलमिलाकर मंत्री विधायक और सांसद अपने शब्दों को तीखेपन से बचाते रहे और रविवार को ये एहसास हुआ कि ये फोटो ये प्रेस नोट जब बाहर आया है तो इसके शायद कुछ बड़े संदेश बड़े स्थानों पर गये हैं। इसका पता भी तब चला जब अगले दिन कैबिनेट मंत्री सुनील शर्मा और सांसद अतुल गर्ग ने अपने बयानों के खबर की कटिंग अपने सोशल मीडिया पर डाली। ये वही कटिंग है जिसमें उन्होंने बैठक को लेकर अपने बयान दिये थे।

संदेश का संदेश तब गया जब ये कटिंग सोशल मीडिया पर आई और माना गया कि आमतौर पर मंत्री सांसदों की खबरें छपती रहती है लेकिन वो कभी सामान्य परिचर्चा के बाद अपने बयान क कटिंग को शेयर नहीं करते हर खबर को साझा नही करते। लेकिन इस प्रकरण की खबर को कैबिनेट मंत्री और लोकसभा सांसद ने अपने अपने सोशल मीडिया पर शेयर किया। वजह यही मानी जा रही है कि शायद इस बैठक को लेकर बड़े संदेश बड़े दरबारों में गये हैं। तभी विधायक और सांसद को फेसबुक पर आकर अपने बयानों वाले अखबार की कटिंग डालनी पड़ी है। तभी तो ये बड़े नेता इसे साझा कर रहे हैं।

## देश की सियासत में एक अलग ही कद है डॉ. पीएन अरोड़ा का
### जब गठित हुई कैबिनेट तो अरोड़ा दम्पति को मिला है स्पेशल निमंत्रण

**गाजियाबाद (करंट क्राइम)**। कुछ लोग राजनीतिक नहीं होते हैं लेकिन राजनीति के बड़े गलियारों में बड़ी पहचान रखते हैं। वो सामाजिक कार्यों में अपना योगदान रखते हैं और देश की सियासत में उनका भी एक अलग कद होता है। यशोदा अस्पताल के सीएमडी डॉ पीएन अरोड़ा और उनकी पत्नी तथा यशोदा अस्पताल की एमडी उपासना अरोड़ा गाजियाबाद की वो शख्सीयत हैं जिन्हें देश के पीएम जानते हैं जिन्हें राज्यों के सीएम जानते हैं। जब कोई बड़ा मूवमेंट होता है तो ये उसका हिस्सा बनते हैं। सत्ता के शीर्ष गलियारों में डॉ पीएन अरोड़ा का एक अलग ही कद है एक अलग ही पहचान हैं। वो इस बात के गवाह हैं कि सरकार किसी भी दल की हो लेकिन उन्हें मंच पर स्थान मिलता है। एक पहचान उन्होंने



अपनी बनायी है और जब देश की कैबिनेट का गठन हो रहा है देश की सरकार बन रही है तब उस शपथ ग्रहण समारोह के लिए डॉ पीएन अरोड़ा और उपासना अरोड़ा को अलग से निमंत्रण पत्र मिला है। ये गाजियाबाद के लिए एक गर्व का विषय है। वैसे भी चिकित्सा के क्षेत्र में डॉ पीएन अरोड़ा ने गाजियाबाद वो आधुनिक सुविधायें उपलब्ध करायी हैं जो पूरे एनसीआर में नहीं है। सबसे बड़ी बात ये है कि वो चिकित्सा कारोबारी होने के साथ साथ सामाजिक और राजनीतिक मामलों में पूरा सरोकार रखते हैं। ये उनका व्यवहार है कि सरकार कोई भी हो उनको स्थान मिलता है। जब उनके अस्पताल का उद्घाटन हुआ था तो केन्द्रीय रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह आये थे। जब कवि नगर में सम्मेलन हुआ तो डॉ पीएन अरोड़ा मुख्यमंत्री के साथ मंच पर थे और रविवार को वो एक बार फिर राष्ट्रपति भवन सभागार में मौजूद थे। सरकार बन रही है कैबिनेट का गठन हो रहा है तो गाजियाबाद की ओर से उन्होंने भी अपनी भागीदारी निभाई।

## संपादकीय

# मुद्रास्फीति के रुख में अनिश्चितता

रेपो दर में बढ़ोतरी का असर बैंकों से लिए गए कर्ज की किश्तों पर पड़ता है। बहुत सारे लोगों को इसकी वजह से अपने घर, वाहन, कारोबार आदि के मद में लिए गए कर्ज की ऊंची किश्तें चुकानी पड़ रही हैं। भारतीय रिजर्व बैंक ने अपनी द्विमासिक मौद्रिक समीक्षा में एक बार फिर बैंक दरों के साथ कोई छेड़छाड़ करना उचित नहीं समझा। रेपो दर यथावत साढ़े छह फीसद पर बनी रहेगी। आरबीआई गवर्नर का कहना है कि उनकी प्राथमिकता खाद्य मुद्रास्फीति को संतुलित करना और चार फीसद तक लाना है। अभी खाद्य मुद्रास्फीति पांच फीसद के आसपास बनी हुई है। इसमें कभी अचानक वृद्धि देखी जाती है। हर समय इसके रुख में अनिश्चितता बनी हुई है। महंगाई पर काबू न पाए जा सकने की वजह से सामान्य लोगों के जीवन पर बहुत बुरा असर पड़ रहा है। हालांकि कुछ औद्योगिक समूहों ने मांग उठानी शुरू कर दी है कि रेपो दरों में कम से कम पच्चीस आधार अंक की कटौती करने का समय आ गया है। मगर आरबीआइ इस दिशा में कोई जोखिम मोल नहीं लेना चाहता।

इस बात से इनकार नहीं किया जा सकता कि ऊंची रेपो दर की वजह से कुछ हद तक महंगाई पर लगाम लगी है, मगर यह कब तक टिकाऊ उपाय साबित होगा, कहना मुश्किल है। दरअसल, रेपो दर में बढ़ोतरी का असर बैंकों से लिए गए कर्ज की किश्तों पर पड़ता है। बहुत सारे लोगों को इसकी वजह से अपने घर, वाहन, कारोबार आदि के मद में लिए गए कर्ज की ऊंची किश्तें चुकानी पड़ रही हैं, जबकि कोरोनाकाल के बाद से बहुत सारे लोगों की आमदनी घट गई है। औद्योगिक समूहों को कर्ज पर ब्याज अधिक चुकाने के चलते अपने उत्पाद की कीमतें ऊंची रखनी पड़ती हैं, जिससे अंततः उपभोक्ता पर बोझ बढ़ता है। इसलिए एक तरफ जहां महंगाई को संतुलित करने में कुछ हद तक मदद मिल रही है, वहीं दूसरी तरफ महंगाई बढ़ भी जाती है।

रिजर्व बैंक ने इस वित्त वर्ष में विकास दर सात फीसद से ऊपर रहने की संभावना जताई है मगर विकास दर और महंगाई के बीच कोई सीधा संबंध नजर नहीं आ पा रहा। विकास दर ऊंची रहने के बावजूद सामान्य लोगों के जीवन में बेहतरी के संकेत नहीं दिखाई दे रहे। सबसे हैरानी की बात है कि रोजमर्रा खपत की जिन खाद्य वस्तुओं का उत्पादन भरपूर होता है, उनकी खुदरा कीमतें भी बाजार में अधिक देखी जाती हैं।

# अदाणी एयरपोर्ट्स ने वित्त वर्ष 24 में संभाला एक मिलियन टन से ज्यादा कार्गो



**मुंबई।** अदाणी एयरपोर्ट होल्डिंग्स लिमिटेड (एएएचएल) की ओर से रविवार को कहा गया कि वित्त वर्ष 2023-24 के दौरान कंपनी ने एक मिलियन टन एयर कार्गो संभाला है। इसमें सालाना आधार पर 7 प्रतिशत की बढ़त देखने को मिली है। पिछले वित्त वर्ष कंपनी ने 9,44,912 मीट्रिक टन कार्गो संभाला गया था।

अदाणी ग्रुप देश में सात एयरपोर्ट्स संभालता है और वित्त वर्ष 2023-24 में 10 लाख मीट्रिक टन कार्गो संभालने के साथ कंपनी का मार्केट शेयर 30.1 प्रतिशत हो गया है। एएएचएल के सीईओ अरुण बंसल ने कहा कि अदाणी एयरपोर्ट होल्डिंग्स लिमिटेड में हम लगातार संचालन के नए बेंचमार्क सेट कर रहे हैं। कार्गो टर्मिनल की ओर से एक मिलियन टन का बड़ा माइलस्टोन हासिल किया गया है। कंपनी ने कहा कि हैंडल किए गए सभी कार्गो में 65 प्रतिशत अंतरराष्ट्रीय था। अंतरराष्ट्रीय कार्गो सालाना आधार पर 9 प्रतिशत बढ़कर 6,62,258 मीट्रिक टन हो गया है, जो कि इससे पिछले वित्त वर्ष 6,06,348 मीट्रिक टन था। कंपनी द्वारा संभाले गए कार्गो में ऑटोमोबाइल, फार्मा, जल्द नष्ट होने वाली चीजें, इलेक्ट्रॉनिक्स और इंजीनियरिंग गुड्स थे। बंसल ने आगे कहा कि हमारी ये उपलब्धि घरेलू और अंतरराष्ट्रीय कार्गो हैंडल करने में हमारी स्थिति को और मजबूत करती है। वित्त वर्ष 2023-24 के मार्च महीने में मुंबई इंटरनेशनल एयरपोर्ट ने सबसे ज्यादा कार्गो संभाला।

सरदार वल्लभभाई पटेल अंतरराष्ट्रीय एयरपोर्ट (अहमदाबाद) ने 18 मई को इंडिगो के पहले ए320 नियो मालवाहक विमान का सफलतापूर्वक संचालन किया। अंतरराष्ट्रीय कार्गो संचालन ने चौधरी चरण सिंह अंतरराष्ट्रीय एयरपोर्ट (लखनऊ) में मार्च 2024 में 700 टन कार्गो संभाला, जो कि अब तक सबसे अधिक है।

# डब्ल्यूडब्ल्यूडीसी में दिखेगी भविष्य की झलक

## आईओएस 18 को एआई के साथ पेश कर सकता है एप्पल




**नई दिल्ली।** एप्पल की वार्षिक वर्ल्डवाइड डेवलपर्स कॉन्फ्रेंस (डब्ल्यूडब्ल्यूडीसी) सोमवार से शुरू होने जा रही है। माना जा रहा है कि इस बार कई नए फीचर्स के अलावा आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस (एआई) पर कंपनी का फोकस हो सकता है। डब्ल्यूडब्ल्यूडीसी एक ईवेंट है, जहां एप्पल की ओर से अपने प्रोडक्ट्स के लिए नए सॉफ्टवेयर और फीचर्स को पेश किया जाता है।

इस वर्ष उम्मीद की जा रही है कि आईफोन के लिए आईओएस 18 पेश किया जा सकता है। इसके अलावा अन्य ऑपरेटिंग सिस्टम का भी अपडेट आ सकता है। डब्ल्यूडब्ल्यूडीसी में एप्पल अपने ऑपरेटिंग सिस्टम में एआई को जोड़ सकता है। इसके अलावा सिरी के उपयोग बढ़ाने को लेकर भी ध्यान हो सकता है।

कंपनी इसमें लार्ज लैंग्वेज मॉडल जोड़ सकती है, जिससे यह यूजर्स की ओर से पूछे गए सवालों का आसानी से जवाब दे पाए। एप्पल अपने इन एआई फीचर्स को 'एप्पल इंटेलिजेंस' फीचर्स नाम दे सकता है और अपने सभी ऐप्स में जोड़ सकता है। माना जा रहा है कि आने वाले आईओएस 18 में एआई फीचर्स को जोड़कर एप्पल अन्य कंपनियों जैसे गूगल और माइक्रोसॉफ्ट को टक्कर देने की तैयारी कर रहा है।

इसके अलावा उम्मीद की जा रही है कि आईओएस 18 में आने वाले सभी फीचर्स आईपैडओएस 18 में भी देखने को मिल सकते हैं। वॉचओएस 11 में भी कई अपडेट्स देखने को मिल सकते हैं। एप्पल विजनओएस का नया वर्जन भी बाजार में उतार सकता है। विजनओएस का उपयोग एप्पल के वीआर हैंडसेट में किया जाता है।

# ट्रैवल कंपनी इक्सिगो का आईपीओ आज से खुलेगा




**नई दिल्ली।** ट्रैवल वेबसाइट इक्सिगो की प्रवर्तक कंपनी ले ट्रैवेन्यूज टेक्नोलॉजी लिमिटेड का आईपीओ सोमवार से खुल रहा है। आम निवेशक बुधवार तक इसके लिए बोली लगा सकते हैं। इक्सिगो आईपीओ का इश्यू साइज 740 करोड़ रुपये का है। इसमें फ्रेश इश्यू 120 करोड़ रुपये का और ऑफर फॉर सेल 620 करोड़ रुपये का है। कंपनी ने आईपीओ का प्राइस बैंड 88 रुपये से लेकर 93 रुपये प्रति शेयर तय किया है। इसका लॉट साइज 161 शेयरों का है। आईपीओ में बोली लगाने के लिए रिटेल निवेशकों को कम से कम 14,973 रुपये का निवेश करना होगा। कंपनी ने शुक्रवार को बताया था कि उसने आईपीओ खुलने से पहले एंकर निवेशकों से 333 करोड़ रुपये की राशि जुटाई है। एंकर बुक में 23 फंड्स ने भाग लिया है। आईपीओ का 75 प्रतिशत हिस्सा योग्य संस्थागत खरीददारों (क्यूआईबी), 15 प्रतिशत गैर-संस्थागत खरीददारों और 10 प्रतिशत खुदरा निवेशकों के लिए आरक्षित रखा गया है। आईपीओ का अलॉटमेंट 13 जून को होगा। रिफंड और शेयर डीमैट अकाउंट में 14 जून को क्रेडिट होंगे। वहीं, शेयर एनएसई और बीएसई पर 18 जून को सूचीबद्ध होंगे। इक्सिगो एक ऑनलाइन ट्रैवल एजेंसी है जिसका फोकस मझोले और छोटे शहरों के ट्रैवलर्स पर है। वित्त वर्ष 2023-24 के पहले नौ महीने में (31 दिसंबर तक) कंपनी की आय 491 करोड़ रुपये थी। इस दौरान कंपनी को 66 करोड़ का मुनाफा हुआ था।

# नई सरकार, महंगाई और आईआईपी के आंकड़ों का दिखेगा बाजार पर असर



**नई दिल्ली।** लोकसभा चुनाव 2024 के नतीजों के कारण भारतीय शेयर बाजार के लिए पिछले सप्ताह काफी उतार-चढ़ाव भरा रहा। नेशनल स्टॉक एक्सचेंज (एनएसई) के बेंचमार्क सूचकांक निफ्टी ने करीब दो हजार अंकों के दायरे में कारोबार किया कोरोना काल में मई 2020 के बाद सबसे अधिक है। रविवार को नई सरकार का गठन हुआ है। माना जा रहा है कि पूर्ण बहुमत की एनडीए की सरकार बनने से बाजार में स्थिरता देखने को मिल सकती है। इसके अलावा कई ऐसे फैक्टर्स हैं जो बाजार को अगले सप्ताह प्रभावित करेंगे।

खुदरा महंगाई दर (सीपीआई और औद्योगिक उत्पादन सूचकांक (आईआईपी) के आंकड़े 12 जून को जारी हो सकते हैं। मार्च और अप्रैल में खुदरा महंगाई की दर क्रमशः 4.85 प्रतिशत और 4.83 प्रतिशत रही थी।

अर्थशास्त्रियों का मानना है कि मई में यह दर 4.8 प्रतिशत रह सकती है। आईआईपी की दर अप्रैल में 3.9 प्रतिशत रहने की उम्मीद की जा रही है, जो कि मार्च में 4.9 प्रतिशत थी। अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर अमेरिकी फेडरल रिजर्व की ब्याज दरों की समीक्षा को लेकर 11 और 12 जून को होने वाली बैठक काफी अहम रहेगी। इसके फैसले का ऐलान 13 जून को किया जाएगा। माना जा रहा है कि फेड ब्याज दरों को 5.25 से लेकर 5.50 प्रतिशत पर बरकरार रख सकता है। सितंबर या फिर दिसंबर में ब्याज दरों में पहली कटौती देखने को मिल सकती है। जापान, ब्रिटेन और चीन की अर्थव्यवस्था से जुड़े महत्वपूर्ण आंकड़े भी अगले सप्ताह आ सकते हैं।

स्वास्तिक इन्वेस्टमार्ट लिमिटेड में वरिष्ठ टेक्निकल एनालिस्ट प्रवेश गौर का कहना है कि निफ्टी और बैंक निफ्टी दोनों में ही 200 दिन के मूविंग एवरेज से तेजी देखने को मिली है। निफ्टी 23,338 अंक के अपने ऑल टाइम हाई के करीब है, जो एक रुकावट का भी स्तर है। अगर यह इससे नीचे गिरता है तो 23,000 अंक से लेकर 22,800 अंक तक जा सकता है। 22,600 अंक फिलहाल के लिए एक मजबूत सपोर्ट है।

बैंक निफ्टी के लिए 50,000 अंक एक बेहद महत्वपूर्ण स्तर है। अगर यह इसे तोड़ता है तो 51,300 अंक और फिर 52,000 अंक को छू सकता है। इसके लिए 48,700 अंक से लेकर 48,350 अंक और फिर 47,400 अंक एक मजबूत सपोर्ट लेवल है।

## राशिफल

**मेष:** रहन-सहन कष्टमय रहेगा। स्वास्थ्य में सुधार होगा। धार्मिक यात्रा पर जा सकते हैं। बातचीत में संयत रहें। नौकरी में यात्रा के योग बन रहे हैं।

**वृष:** मानसिक शान्ति रहेगी। पारिवारिक जीवन सुखमय रहेगा। मित्रों के साथ यात्रा पर जाना हो सकता है। आत्मविश्वास में वृद्धि होगी।

**मिथुन:** माता से वैचारिक मतभेद हो सकते हैं। वाहन सुख की प्राप्ति हो सकती है। मानसिक सुकून रहेगा। आत्मविश्वास में कमी रहेगी।

**कर्क:** मित्रों का सहयोग मिलेगा। कार्यक्षेत्र में अनुकूल परिस्थितियां रहेंगी। मन परेशान रहेगा। नौकरी में कार्यक्षेत्र में बदलाव हो सकता है। परिश्रम अधिक रहेगा।

**सिंह:** मित्रों का सहयोग मिलेगा। कार्यक्षेत्र में अनुकूल परिस्थितियां रहेंगी। मन परेशान रहेगा। नौकरी में कार्यक्षेत्र में बदलाव हो सकता है। परिश्रम अधिक रहेगा।

**कन्या:** प्रतिद्वंद्विता में वृद्धि होगी। कार्यक्षेत्र में परेशानी हो सकती है। मन तथा शरीर में थकान महसूस होगी। घर में अतिथियों का आगमन होगा। व्यय होगा।

**तुला:** धर्म के प्रति श्रद्धाभाव रहेगा। मित्रों का सहयोग मिलेगा। लेखनादि-बौद्धिक कार्यों से धनार्जन के साधन बन सकते हैं। मन परेशान रहेगा।

**वृश्चिक:** रहन- सहन कष्टमय हो सकता है। बहन-भाइयों का साथ मिल सकता है। स्वास्थ्य को लेकर परेशानी अभी बनी रह सकती हैं। आत्मसंयत रहें।

**धनु:** क्रोध के अतिरेक से बचें। पारिवारिक जीवन सुखमय रहेगा। वाहन सुख का विस्तार होगा। संयत रहें। व्यर्थ के क्रोध से बचें। पिता के स्वास्थ्य का ध्यान रखें।

**मकर:** शैक्षिक एवं शोधादि कार्यों में सफलता मिलेगी। लाभ के अवसर मिलेंगे। आय में वृद्धि होगी। मन प्रसन्न रहेगा। धैर्यशीलता में वृद्धि होगी।

**कुंभ:** कला एवं संगीत के प्रति रुझान बढ़ेगा। प्रतियोगी परीक्षा और साक्षात्कार आदि कार्यों में सफलता मिलेगी। किसी अज्ञात भय से परेशान हो सकते हैं।

**मीन:** कुटुम्ब की किसी बुजुर्ग महिला से धन प्राप्ति के योग बन रहे हैं। परिवार का साथ मिलेगा। वाणी में सौम्यता रहेगी। शैक्षिक एवं शोधादि कार्यों में सफलता मिलेगी।

## चुटकुले

गांव की एक खूबसूरत लड़की को होटल में उदास बैठा देख पप्पू बोला...
पप्पू लड़की के सामने रखी कोल्ड ड्रिंक पीकर बोला- ऐसे उदास क्यों बैठी हो यार?
लड़की बोली- आज का दिन बहुत बुरा है।
सुबह ब्यॉयफ्रेंड से झगड़ा हो गया।
रास्ते में कार खराब हो गई।
ऑफिस पहुंची तो बॉस ने नौकरी से निकाल दिया।
अब सुसाइड के लिए कोल्ड ड्रिंक में जहर मिलाया था, वो भी तूने पी ली।

---

संता उदास बैठा था...
बंता- क्या हुआ, उदास क्यों बैठा है...?
संता- क्या बताऊं यार, किसी ने कहा कि पेड़ से हमें 'शीतल छाया' मिलती है
मैं यहां पेड़ के नीचे तीन दिन से बैठा हूं,
लेकिन न तो शीतल आयी और न छाया...!

## रोचक तथ्यों का करंट

- दुनिया के 85 प्रतिशत पौधे समुद्र के अंदर पाये जाते हैं।
- दुनिया के अधिकतर लोग बिस्तर में जाने के 7 मिनिट के भीतर ही सो जाते हैं।
- आप जिससे प्यार करते हैं उसके बगल में सोने से न केवन अवसाद में कमी आती है बल्कि आपकी उम्र भी बढ़ती है, आपको नींद अच्छी और गहरी आती है।
- क्या आप जानते है कि, भारत ने 100000 वर्षो में एक बार भी किसी के ऊपर पहले आक्रमण नहीं किया है।
- नाक पकड़ें कहीं गर्म तो नहीं हैं, क्या कहा गर्म है, यानी आप झूठ बोलते हैं, झूठ बोलने में पीएचडी किए हो क्या।
- हीरे की खुदाई सबसे पहले हमारे भारत देश में ही हुआ था।
- आपको यह बात जानकर हैरानी होगी कि औसतन कोई भी इंसान 1 साल में 50 लाख बार सांस लेता है।
- नींबू में स्ट्राबेरी के मुकाबले अधिक शक्कर होती है।
- इंसान एक दिन में आधे घंटे सोने के बराबर पलके झपकाता है।
- इटली के अधिकतर लोग नए साल पर लाल रंग का अंडरवियर पहनते हैं, वो इसे लकी मानते हैं।

## करंट क्राइम

### परिवार की ओर से आपको जन्मदिन की हार्दिक शुभकामनाएं

10 06 2024

### आज के जन्मदिन

सेलेब्रिटी जन्मदिन




तेजस्वी प्रकाश
अभिनेत्री



मोरवी, मिस्टी कशाना, संगीता यादव, वंदना जोसी, महंत नारायण गिरी, श्यामवीर चौधरी, प्रवीण त्यागी, घनेन्द्र पाल

प्रवीण मिश्रा, देव नारायण शर्मा, गौरव बजरंगी, रवि कुमार, संदीप कश्यप, सोनू हुड्डा, अरूण कुमार

सतीश लखेरा, मनवीर सिंह, आशीष गुप्ता, प्रवीण त्यागी, लाल जी सिंह, महेश मुद्गल



सूचना : आप भी अपने जन्मदिन को विशेष बना सकते हैं। अपना फोटो नाम के साथ हमें नीचे लिखे ईमेल पर भेजें। हम उसे दैनिक करंट क्राइम में स्थान देंगे।
Email : currentcrimenews@gmail.com

प्रिय पाठकों,
आप भी हमें भेज सकते हैं अपनी लिखी हुई कविता, चुटकुले, विचार, आर्टिकल या शहर से जुड़ी हुई कोई भी समस्या। हम उसे प्रमुखता से प्रकाशित करेंगे।

करंट क्राइम

K-4, A-Block, Govindpuram Commercial Area, Near LG Showroom, Ghaziabad, MoÜ 09899655497
Email: currentcrimenews@gmailÜcom
Website: wwwÜcurrentcrimeÜcom

स्वामी, मुद्रक, प्रकाशक व सम्पादक मनोज कुमार ने ए।जी।एस। पब्लिकेशन, एफ-23, सैक्टर-6, नोएडा-201301 (गौतमबुद्धनगर) उत्तर प्रदेश से छपवाकर कार्यालय 'करंट क्राइम' बी-2बी/295, जनकपुरी, नई दिल्ली-110058 से प्रकाशित किया। R.N.I NO. DELHIN/2015/65364

सम्पादक : मनोज कुमार
समाचार संपादक दीपक भाटी

संरक्षक : राकेश यादव, विवेक भाटी

# नरेंद्र मोदी ने संभावित मंत्रियों को दिए निर्देश, सौ दिन के रोडमैप और विकसित भारत के लिए करें काम



**नई दिल्ली।** राष्ट्रपति भवन में शाम को 7:15 बजे लगातार तीसरी बार प्रधानमंत्री पद की शपथ लेने जा रहे नरेंद्र मोदी ने शपथ ग्रहण समारोह से पहले अपने संभावित मंत्रियों को पीएम आवास पर बुलाकर कामकाज को लेकर अहम दिशा-निर्देश दिए। बताया जा रहा है कि 'चाय पर चर्चा' के दौरान नरेंद्र मोदी ने अपने संभावित मंत्रियों को सरकार के कामकाज के तौर-तरीकों से अवगत कराते हुए कहा कि विभाग (मंत्रालय) कोई भी मिले, लेकिन सभी को इस बात का खास ध्यान रखना चाहिए कि पहले से चल रही तमाम परियोजनाएं समय पर पूरी हो। उन्होंने शिलान्यास और उद्घाटन दोनों ही एनडीए सरकार द्वारा किए जाने के ट्रैक रिकॉर्ड का जिक्र करते हुए इस बात को स्पष्ट तौर पर कहा कि कोई भी नई परियोजना बनाते समय भी इस बात का खास ख्याल रखा जाए कि वे समय पर पूरा भी हो। नरेंद्र मोदी ने अमृतकाल के एजेंडे का जिक्र करते हुए कहा कि हम सभी को 2047 तक भारत को विकसित राष्ट्र बनाने के लिए काम करना है। सरकार के तीसरे कार्यकाल के पहले 100 दिनों का एजेंडा तैयार है, जिस पर सभी को तेजी से काम करना है। उन्होंने यह भी कहा कि सरकार के तीसरे कार्यकाल के पांच साल का रोड मैप भी पूरी तरह से तैयार है और सभी को मिलकर इसे पूरा करना है। उन्होंने खासतौर से पहली बार मंत्री बनने जा रहे सांसदों को मोदी सरकार के कामकाज के ढंग और तौर-तरीकों के बारे में बताते हुए शासन, सुशासन, स्पीड और जनकल्याण पर खास फोकस करने की भी नसीहत दी। पीएम आवास पर हुई बैठक में भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा, अमित शाह, राजनाथ सिंह, नितिन गडकरी, पीयूष गोयल, धर्मेंद्र प्रधान, निर्मला सीतारमण, एस. जयशंकर, हरदीप सिंह पुरी, अश्विनी वैष्णव, किरेन रिजिजू, गिरिराज सिंह, रक्षा खडसे, भगीरथ चौधरी, मनोहर लाल खट्टर, शिवराज सिंह चौहान, जितिन प्रसाद, अजय टम्टा, चिराग पासवान, जी. किशन रेड्डी, बी. संजय कुमार, मनसुख मंडाविया, जयंत चौधरी, अर्जुन राम मेघवाल, ज्योतिरादित्य सिंधिया, पंकज चौधरी, राव इंद्रजीत सिंह, बीएल वर्मा, अन्नपूर्णा देवी, गजेंद्र सिंह शेखावत, एचडी कुमारस्वामी, रामदास आठवले, सबार्नंद सोनोवाल, जीतन राम मांझी, हर्ष मल्होत्रा, नित्यानंद राय, राजीव रंजन (ललन) सिंह, प्रतापराव जाधव और सीआर पाटिल सहित अन्य कई नेता मौजूद रहे।

बताया जा रहा है कि मंत्री बनने वाले कई सांसद जो अपने-अपने राज्यों में थे, वह समय पर दिल्ली नहीं पहुंच पाने के कारण पीएम आवास पर नहीं पहुंच सके। लेकिन, वो सीधे राष्ट्रपति भवन पहुंचकर मंत्री पद की शपथ ले सकते हैं।

# रियासी में आतंकी हमला, फायरिंग के बाद बेकाबू बस खाई में गिरी

## 10 तीर्थयात्रियों की मौत




**जम्मू।** जम्मू संभाग के रियासी जिले में रविवार शाम को आतंकवादी हमला हुआ। बताया जा रहा है कि गोलीबारी के बाद तीर्थयात्रियों से भरी एक बस गहरी खाई में गिर गई। इसमें 10 लोगों की मौत हो गई है और 33 लोग घायल हैं। अधिकारियों ने शुरूआती रिपोर्टों का हवाला देते हुए बताया कि कटड़ा से शिवखोड़ी जा रहे तीर्थयात्रियों से भरी बस पर पोनी इलाके में हमला हुआ। जिसके बाद ड्राइवर ने बस पर नियंत्रण खो दिया और ये खाई जा गिरी।

रियासी एसएसपी मोहिता शर्मा ने कहा, शुरूआती रिपोर्ट से पता चलता है कि शिव खोरी से कटरा जा रही यात्री बस पर आतंकवादियों ने गोलीबारी की। गोलीबारी के कारण बस चालक ने बस का संतुलन खो दिया और बस खाई में गिर गई। घटना में 33 लोग घायल हुए हैं। बचाव अभियान पूरा हो चुका है। यात्रियों की पहचान अभी तक नहीं हो पाई है, वे स्थानीय नहीं हैं। शिव खोरी तीर्थस्थल को सुरक्षित कर लिया गया है।

# फर्स्ट टाइम वोटर्स की पीएम मोदी से उम्मीदें



**पटना/भोपाल।** नरेंद्र मोदी रविवार को लगातार तीसरी बार देश के प्रधानमंत्री के पद की शपथ ली हैं। ऐसे में देश के अलग-अलग हिस्सों में लोगों में खुशी का माहौल है। पटना के रहने वाले रंजीत मित्तल ने कहा कि नरेंद्र मोदी तीसरी बार प्रधानमंत्री बनने जा रहे हैं। केंद्र सरकार की तमाम योजनाओं का लाभ मिल रहा है। कोरोना काल में उन्होंने अच्छा काम किया। मुझे उम्मीद है कि उनके तीसरे कार्यकाल में वो बड़े और कड़े फैसले लेंगे। कुसुम अग्रवाल ने कहा कि पीएम मोदी ने पानी, बिजली, गैस देने के साथ-साथ महिलाओं के सम्मान का ख्याल रखा। मुझे उम्मीद है कि मोदी सरकार के तीसरे कार्यकाल में बेहतर काम होगा। रंजना नाम की एक महिला ने कहा कि नरेंद्र मोदी तीसरी बार प्रधानमंत्री बन रहे हैं, ये खुशी की बात है। वो अपने फैसले में अटल नेता हैं। राम मंदिर से लेकर तीन तलाक को खत्म करने का उन्होंने काम किया।

# भारत के लिए आज बड़ा दिन, पीएम मोदी ने देश के लिए बहुत कुछ किया : दानिश कनेरिया



**नई दिल्ली।** भारत में रविवार यानी आज का दिन काफी खास है। एक तरफ नरेंद्र मोदी रविवार को तीसरी बार प्रधानमंत्री पद की शपथ लेंगे। वहीं, टी20 विश्व कप में भारत का सामना पाकिस्तान से आज ही है। आम तौर पर कोई भी कार्यक्रम इस मैच से बड़ा नहीं होता, लेकिन यहां देश का ध्यान बंटने वाला है। शपथ समारोह शाम 7:15 राष्ट्रपति भवन में होगा और भारत-पाकिस्तान मैच न्यूयॉर्क के नासाउ काउंटी इंटरनेशनल क्रिकेट स्टेडियम में भारतीय समयानुसार रात 8 बजे शुरू होगा। पूर्व पाकिस्तानी स्पिनर दानिश कनेरिया ने पीएम मोदी के शपथ ग्रहण समारोह से पहले उन्हें शुभकामनाएं दी हैं। रविवार को और खास बनाने के लिए दानिश ने शपथ ग्रहण समारोह और पाकिस्तान पर भारत की जीत के साथ भारतीयों को 'दोहरी खुशी' मिलने की भविष्यवाणी की। कनेरिया ने आईएएनएस से कहा, मैं मोदी साहब को फिर से भारत का प्रधानमंत्री बनने पर बधाई देना चाहता हूं। उन्होंने भारत के लिए बहुत कुछ किया है। रविवार को भारतीयों के लिए दोहरी खुशी होगी। एक तरफ टीम इंडिया है, जो आयरलैंड को हराने के बाद आत्मविश्वास से भरपूर है। दूसरी तरफ विश्व कप में डेब्यू कर रहे संयुक्त राज्य अमेरिका से हारने वाली पाकिस्तान की टीम है जो इस मैच को जीतकर प्रतियोगिता में वापसी की उम्मीद कर रही है। भारत के खिलाफ मैच पाकिस्तान के लिए महत्वपूर्ण है। अपने पड़ोसी के खिलाफ हारने पर वह टूनार्मेंट के सुपर 8 में जगह बनाने से चूक सकता है। कनेरिया ने आगे बताया कि आखिर पीसीबी क्या गलत कर रहा है। पूर्व पाकिस्तानी क्रिकेटर ने कहा, उनका अहंकार कभी खत्म नहीं होता, उनके इरादे साफ नहीं हैं। वे परिवार और रिश्तेदारों के आधार पर टीम बनाते हैं और कोई भी देश के बारे में नहीं सोचता। इस तरह से टीम नहीं बनती। अगर आप खिलाड़ियों के करियर के साथ अन्याय कर रहे हैं, तो यही होगा। पहले मैच में पाकिस्तान के साथ जो हुआ, वह आगे भी हो सकता है।

# उत्तराखंड में अजय टम्टा को मिली मोदी कैबिनेट में जगह







**अल्मोड़ा।** लोकसभा चुनाव में लगातार तीसरी बार पांच कमल खिलाने वाले उत्तराखंड को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने अपनी कैबिनेट में प्रतिनिधित्व देकर बड़ा तोहफा दिया है। अल्मोड़ा-पिथौरागढ़ संसदीय क्षेत्र से लगातार तीसरी बार चुनाव जीते अनुभवी अजय टम्टा मोदी कैबिनेट में हिस्सा बने हैं। उन्होंने राज्यमंत्री पद की शपथ ली। बता दें कि 2014 में जब टम्टा पहली बार निचले सदन के लिए चुने गए थे, तो उन्हें मोदी मंत्रिमंडल में कपड़ा राज्यमंत्री बनाया गया था।

**ऐसा रहा सियासी सफर :** अल्मोड़ा संसदीय सीट पर जीत की हैट्रिक लगाने वाले अजट टम्टा चौथे नेता बने हैं। इससे पहले यह रिकार्ड कांग्रेस के जंग बहादुर बिष्ट, पूर्व सीएम हरीश रावत और भाजपा के बची सिंह रावत के नाम दर्ज था। लोकसभा चुनाव में अजय की लगातार तीसरी जीत ने उनका कद बढ़ाने का काम किया है और वह एक कुशल राजनीतिज्ञ की श्रेणी में शामिल हो गए हैं। लगातार तीसरी बार सांसद चुने गए अजय टम्टा ने 23 वर्ष की उम्र में राजनीति की शुरूआत की। अपने अब तक के राजनीतिक जीवन में उन्होंने नौ बार चुनाव लड़ा और छह में जीत दर्ज कर अपने को राजनीति में स्थापित किया। वर्ष 1996 में जिला पंचायत सदस्य के रूप में उनकी राजनीतिक यात्रा की शुरूआत हुई। इसी वर्ष वह जिला पंचायत उपाध्यक्ष चुने गए।

वर्ष 1999 से 2000 तक जिला पंचायत अध्यक्ष रहे और तब उन्होंने सबसे कम उम्र का जिपं अध्यक्ष बनने का रिकार्ड बनाया। 2002 में सोमेश्वर सीट से निर्दलीय प्रत्याशी के रूप में पहला विधानसभा चुनाव लड़ा लेकिन उन्हें जीत नहीं मिली। 2007 में भाजपा के टिकट पर फिर से विस का चुनाव लड़ा और देहरादून पहुंचे। 2009 में पहली बार लोकसभा चुनाव लड़ा लेकिन जीत की दहलीज तक पहुंचने से चूक गए। 2012 में सोमेश्वर सीट से ही विधानसभा तक का सफर तय किया। पार्टी ने वर्ष 2014 में उन पर भरोसा जताते हुए उन्हें लोकसभा चुनाव के लिए मैदान में उतारा इस पर वह खरे उतरे। 2019 के लोकसभा चुनाव में रिकार्ड मतों से लगातार दूरी जीत दर्ज की। 20024 के चुनाव में भी परिणाम उनके और पार्टी के पक्ष में आए हैं और इस सीट पर वह जीत की हैट्रिक लगाने वाले तीसरे सांसद बने हैं।

### टम्टा को क्षेत्रीय व जातीय समीकरणों का मिला लाभ

केंद्र में मंत्री बनाए जाने की सबसे अधिक संभावनाएं गढ़वाल संसदीय सीट से चुने गए अनिल बलूनी की थी। रक्षा राज्यमंत्री राजनाथ सिंह ने तो चुनाव प्रचार में उन्हें मंत्री बनाने के संकेत भी दिए थे, लेकिन केंद्रीय नेतृत्व ने कैबिनेट के लिए टम्टा को चुना। राजनीतिक जानकारों के मुताबिक, टम्टा को क्षेत्रीय और जातीय समीकरणों का लाभ मिला।

# पाकिस्तान के खिलाफ मुकाबला हमारे लिए एक अन्य मैच की तरह है: रोहित शर्मा



**न्यूयॉर्क।** टी20 विश्व कप 2024 के भारत बनाम पाकिस्तान महामुकाबले की पूर्व संध्या पर जब भारतीय कप्तान रोहित शर्मा से पूछा गया कि क्या इस मैच को लेकर टीम की कोई अलग उम्मीदें हैं, कुछ अलग दांव पर लगा है, क्या नींद सही से आ रही है या अभ्यास के दौरान कैसा लग रहा है, क्या थोड़ी सी नर्वसनेस है? रोहित ने इन सभी सवालों का जवाब एक साथ देते हुए कहा कि ऐसा कुछ नहीं है। रोहित ने कहा, पिछले सात महीनों में ज्यादा कुछ नहीं बदला है। हमने उन्हें एशिया कप और वनडे विश्व कप के दौरान खेला था और अब टी20 विश्व कप की बारी है। पहले ऐसा होता था कि हम उनके खिलाफ चार साल में एक बार खेलते थे, लेकिन अब ऐसा नहीं है। मैं इसे एक अन्य मैच की तरह ही लूंगा। मुझे पता है कि ऐसे मैच से डील करने का सबका तरीका अलग-अलग होता है। एक कप्तान के रूप में मैं सोच रहा हूं कि मैं वर्तमान में रहूं और ओवर दर ओवर निर्णय करूं ना कि आखिरी स्कोर या आखिरी लक्ष्य के बारे में सोचूं। मुझे ये भी पता है कि अलग-अलग कप्तान अलग-अलग तरीके से सोचते हैं। लेकिन आप यहां पर ज्यादा कुछ नहीं सोच सकते हैं क्योंकि यह खेल हर ओवर में बदलता है। आपको हर ओवर जीतना होता है और फिर अगले ओवर की तरफ बढ़ना होता है। पाकिस्तान के वर्तमान कोच गैरी कर्स्टन 2011 वनडे विश्व कप के दौरान भारत के कोच थे। तब सेमीफाइनल में भारतीय टीम ने पाकिस्तान को हराया था। वह कुछ दिन पहले तक गुजरात टाइटंस के भी कोच थे और उन्होंने हार्दिक पांड्या और शुभमन गिल जैसे खिलाड़ियों के साथ काम किया है। जब उनसे पूछा गया कि क्या उनका कोई इनपुट काम आएगा तो उन्होंने कहा कि पाकिस्तानी खिलाड़ियों को इसकी जरूरत नहीं है। कर्स्टन ने कहा, आपका सवाल अच्छा है लेकिन मुझे लगता है कि ये खिलाड़ी एक-दूसरे के बारे में इतना तो जानते हैं कि कौन कैसा खेलता है। अंत में हम निश्चित करना चाहते हैं कि हम सही क्रिकेट खेलें। इस मैच में पिच और परिस्थितियों की बड़ी भूमिका होगी, हमें उसके अनुसार ही खेलना होगा। हालांकि कर्स्टन ने स्वीकार किया है कि भारत और पाकिस्तान का मुकाबला थोड़ा सा तो अलग जरूर होता है। उन्होंने कहा, यह मुकाबला थोड़ा और अलग है क्योंकि यह भारत या पाकिस्तान में नहीं खेला जा रहा है। मैं सुबह स्टेडियम के पास ड्राइव कर रहा था तो मुझे पता चल गया कि इस मैच में माहौल कुछ अलग होगा। यह देखना बहुत उत्साहजनक है कि दूसरे देशों में भी इन दोनों देशों का समर्थन करने के लिए बहुत से फैंस मौजूद हैं। रोहित के विपरीत कर्स्टन ने कहा, ₹हमें यह स्वीकार करना चाहिए कि यह एक बड़ा मैच है, लेकिन यह भी है कि क्रिकेट को क्रिकेट की ही तरह खेला जाना चाहिए। आपको हर एक मैच अच्छा खेलना होता है, गेंद को सही जगह पर मारना होता है, पर्याप्त रन बनाने होते हैं, कैच पकड़ने होते हैं और अच्छी फील्डिंग करनी होती है। मुझे नहीं लगता कि क्रिकेट इससे इतर कुछ बदला है, हां फॉर्मैट के हिसाब से थोड़ी-बहुत तब्दीलियां तो आती हैं। अगर हम अपनी क्षमता के अनुसार अच्छा क्रिकेट खेलते हैं, तो हमारे जीतने के मौके अधिक होंगे।

# ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ हार से बढ़ीं इंग्लिश टीम की मुश्किलें




**ब्रिजटाउन (बारबाडोस)।** सलामी बल्लेबाज डेविड वॉर्नर, ट्रेविस हेड और एडम जम्पा के शानदार प्रदर्शन की बदौलत टी20 विश्व कप 2024 के अहम मुकाबले में ऑस्ट्रेलिया ने वर्तमान चैंपियन इंग्लैंड को 36 रनों से पटखनी दे दी। ऑस्ट्रेलिया ने 20 ओवरों में 201/7 का विशाल स्कोर खड़ा किया और मौजूदा टूनार्मेंट में 200 रन का आंकड़ा पार करने वाली पहली टीम बन गई। इंग्लैंड इस स्कोर के जवाब में निर्धारित 20 ओवरों में 6 विकेट पर 165 रन ही बना पाई। ऑस्ट्रेलिया के 201 रनों के जवाब में इंग्लैंड ने आक्रामक शुरूआत की। जोस बटलर और फि ल सॉल्ट ने इंग्लैंड को आक्रामक शुरूआत दिलाई, लेकिन एडम जम्पा ने मोर्चा संभालते ही इंग्लैंड को बैकफुट पर धकेल दिया। जम्पा ने इंग्लैंड के दोनों सेट ओपनरों सॉल्ट और बटलर के रूप में इंग्लैंड को जो झटके दिए उससे इंग्लैंड उबर ही नहीं पाया। जम्पा को प्लेयर ऑफ द मैच चुना गया। इस जीत से ऑस्ट्रेलिया अंक तालिका में ग्रुप बी की नंबर एक टीम बन गई है। वहीं इंग्लैंड को टूनार्मेंट की अपनी पहली जीत का इंतजार है। ग्रुप बी में स्कॉटलैंड और नामीबिया जैसी टीमें भी इंग्लैंड से ऊपर हैं। इंग्लैंड के लिए यहां से मुश्किलें बढ़ गई हैं। उसे ग्रुप स्टेज के बचे अपने दोनों मैच जीतने होंगे, इसके साथ ही उसे अपने नेट रन रेट पर भी ध्यान देना होगा। यहां से एक गलती इंग्लैंड टूनार्मेंट में के सफर को संकट में डाल सकती है।

# पॉवेल ने युगांडा पर जबरदस्त जीत का श्रेय हुसैन की गेंदबाजी को दिया




**जार्जटाउन (गयाना)।** वेस्ट इंडीज के कप्तान रोवमन पॉवेल ने टी 20 विश्व कप में युगांडा के खिलाफ वेस्ट इंडीज की जबरदस्त जीत के लिए स्पिनर अकील हुसैन को श्रेय दिया। हुसैन ने मात्र 11 रन पर पांच विकेट लेकर ऐतिहासिक प्रदर्शन किया और टीम को युगांडा के खिलाफ 134 रन की बड़ी जीत दिलाई। सह मेजबान विंडीज ने अपने दोनों ग्रुप सी मैच जीते। अपने पहले मैच में विंडीज ने पापुआ न्यू गिनी को पांच विकेट से हराया था। वेस्ट इंडीज के 20 ओवर में पांच विकेट पर 173 रन बनाने के बाद हुसैन ने युगांडा को 12 ओवर में मात्र 39 रन पर समेट दिया था। टी 20 रैंकिंग में नंबर तीन गेंदबाज ने अपने पहले ओवर से ही कहर बरपाया और युगांडा की बल्लेबाजी लाइन-अप को तहस-नहस कर दिया। अन्य गेंदबाजों ने भी अपना योगदान दिया। जुमा मियागी (13*) को छोड़कर कोई अन्य बल्लेबाज क्रीज पर 10 से ज्यादा गेंद नहीं टिक पाया। पॉवेल ने मैच के बाद प्रेजेंटेशन में कहा,"अकील को श्रेय, इस बात में कोई शक नहीं कि वह इस फॉर्मेट में नंबर तीन गेंदबाज क्यों है। यहां क्रिकेट आसान नहीं है और टीमों को अच्छा खेलने की जरूरत है। गयाना के प्रशंसक शानदार थे। " हालांकि, वेस्टइंडीज के कप्तान ने स्वीकार किया कि टीम को अभी भी टूनार्मेंट में अपना शिखर हासिल करना बाकी है। पॉवेल ने कहा, हम सुधार के बारे में बात करते हैं। पहले गेम में हम थोड़े कमजोर थे। पहले गेम में हमें थोड़ी परेशानी हुई। पहले गेम में हम 60 प्रतिशत थे। अब, हम 70-80 प्रतिशत पर काम कर रहे हैं। हुसैन के पांच विकेट वेस्टइंडीज के लिए दूसरा सबसे अच्छा टी20 गेंदबाजी आंकड़ा और टी20 विश्व कप में छठा सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन था। अपने प्रदर्शन पर विचार करते हुए, बाएं हाथ के स्पिनर ने कहा, मुझे लगता है कि मुझे इसकी आवश्यकता थी। नेट्स में और पिछली श्रृंखला में, मुझे लगा कि गेंद मेरे हाथ से अच्छी तरह निकल रही है। मुझे लगता है कि मैं सब कुछ सही कर रहा था। लेकिन मुझे पुरस्कार नहीं मिल रहा था, बस शांत रहना होगा और जल्द ही मेरी बारी होगी। अपनी मानसिकता और विचार प्रक्रिया पर टिप्पणी करते हुए, हुसैन ने कहा कि उन्होंने परिस्थितियों का फायदा उठाया और उसके अनुसार गेंदबाजी की। मेरे लिए, यह इस बात पर प्रतिक्रिया करने की कोशिश करने के बारे में है कि सतह क्या कर रही है और अपने ओवर की योजना बनाने की कोशिश करें, यही कुंजी है। भले ही आप गेंद को दोनों तरफ घुमा रहे हों, अगर आप अपने ओवर की योजना नहीं बनाते हैं, तो फिर आप गड़बड़ी में पड़ सकते हैं, यह अच्छी लंबाई के बारे में है और ओवर में अच्छी तरह से योजना बनाने का प्रयास करें।" उन्होंने कहा, मुझे कोई आपत्ति नहीं है, जहां भी टीम को मेरी जरूरत होगी, वहां गेंदबाजी करने में मुझे खुशी होगी। जब आप अच्छी फॉर्म में होते हैं, तो आप जारी रखते हैं और चार ओवर फेंकते हैं। इससे पहले, जॉनसन चार्ल्स के 44 और आंद्रे रसेल के 17 गेंदों में छह चौकों सहित नाबाद 30 रनों की बदौलत मेजबान टीम ने 20 ओवरों में 173/5 का स्कोर बनाया।

# काशी से लेकर कश्मीर तक, भारत-पाकिस्तान मैच से पहले फैंस में उत्साह




**नई दिल्ली।** टी20 विश्व कप 2024 में भारत और पाकिस्तान के बीच हाई वोल्टेज मुकाबले को लेकर क्रिकेट फैंस में उत्साह है। टीम इंडिया को चीयर-अप करने के लिए काशी और रांची से लेकर जम्मू-कश्मीर तक धूम मची है। कहीं फैंस गंगा तट पर महादेव से प्रार्थना कर रहे, तो कुछ दुआओं में पाकिस्तान की हार मांग रहे हैं। पूरी दुनिया के क्रिकेट फैंस पाकिस्तान के साथ भारत के मैच का बेसब्री से इंतजार करते हैं, और एक लंबे इंतजार के बाद आखिरकार वो दिन आ गया है। टी20 विश्व कप 2024 में रविवार को भारत और पाकिस्तान की भिड़ंत होगी। आतंकी धमकी को देखते हुए इस महामुकाबले को लेकर सुरक्षा व्यवस्था कड़ी कर दी गई है। वहीं, यहां की ड्रॉप-इन पिचों को लेकर भी सस्पेंस बना हुआ है। मगर इन तमाम चुनौतियों के बावजूद फैंस और क्रिकेटरों में इस मुकाबले को लेकर उत्साह कम नहीं हुआ है। धार्मिक नगरी काशी में क्रिकेट प्रेमियों में उत्साह देखने को मिला है। वहां के स्थानीय लोगों ने मां गंगा के तट पर भव्य आरती और आराधना कर टीम इंडिया की जीत की प्रार्थना की। इस दौरान डमरू और शंखनाद की ध्वनि से गंगा तट गूंज उठा। एक स्थानीय फैन सूरज ने कहा, देश भर में भारत और पाकिस्तान मुकाबले को लेकर भरपूर उत्साह है। काशी में बच्चे से लेकर बुजुर्गों तक में इस मुकाबले को लेकर बेताबी है।

जैसे लगान फिल्म में हमने अंग्रेजों को धूल चटाई थी, ठीक वैसे ही हम पाकिस्तान को इस मुकाबले में खदेड़ देंगे। वहीं, झारखंड के युवा क्रिकेटरों में भी उत्साह कम नहीं है। इन युवा क्रिकेटरों की माने तो इस महामुकाबले में टीम इंडिया का पलड़ा भारी रहेगा और मैच भारत ही जीतेगा। साथ ही इन युवाओं का मानना है कि ऋषभ पंत, विराट कोहली और जसप्रीत बुमराह पाकिस्तानी खिलाड़ियों की बखिया उधेड़ देंगे। एक स्थानीय युवा क्रिकेटर ने कहा, पाकिस्तान के खिलाफ ऋषभ पंत अर्धशतक जड़ेंगे और भारत का जीतना पक्का है। एक अन्य स्थानीय युवा क्रिकेटर ने कहा दोनों टीमों का फॉर्म देखकर लग रहा है कि भारत आसानी से पाकिस्तान को हरा देगा। टूनार्मेंट में उलटफेर जरूर हो रहा है, लेकिन भारतीय टीम का पाकिस्तान के सामने पलड़ा मजबूत है। जम्मू-कश्मीर में भी इस मुकाबले को लेकर काफी उत्साह दिखा। स्थानीय क्रिकेटरों से लेकर फैंस इस रोमांचक लड़ाई का इंतजार कर रहे हैं। एक युवा क्रिकेटर ने कहा, ₹भारत-पाकिस्तान मैच के दौरान माहौल हमेशा अच्छा रहता है। हर कोई इसमें दिलचस्पी रखता है। ज्यादातर समय जीत भारत की ही होती है। भारतीय टीम के सभी खिलाड़ी अच्छा प्रदर्शन कर रहे हैं। विराट कोहली पूरे फॉर्म में हैं। भारत यह मैच आसानी से जीत जाएगा...।

# मोदीनगर से गाजियाबाद आरडीसी में शिफ्ट हुआ राज्य कर विभाग का दफ्तर

## भवन स्वामी द्वारा खाली कराने का अनुरोध किया गया था

- जीएसटी में अधिकांश कार्य ऑनलाइन होने के कारण व्यापारियों को नहीं होगी असुविधा




**गाजियाबाद,करंट क्राइम।** राज्य कर विभाग का मोदीनगर में बना कार्यालय आस्थाई तौर पर गाजियाबाद में शिफ्ट हो गया है। मोदीनगर में जिस किराए के भवन में कार्यालय चल रहा था, भवन स्वामी द्वारा जगह खाली कराने के बाद कार्यालय गाजियाबाद शिफ्ट करना पड़ा। विभाग की ओर से अखबारों में विज्ञापन भी निकलवाए गए, परंतु कार्यालय के लिए जगह नहीं मिली। राज्य कर विभाग का सीकरी कला के पास कार्यालय चल रहा था। यह भवन 05 वर्ष के लिये किराये पर लिया गया था। भवन का किराया अवधि समाप्त होने पर पुनः भवन किराये पर लिये जाने हेतु जिलाधिकारी द्वारा किराया औचित्य प्रमाण पत्र जारी किया गया। भवन स्वामी द्वारा एक प्रार्थना पत्र प्रस्तुत करते हुए कहा गया है कि वह उक्त भवन- परिसर को किराये पर देने में असमर्थ है तथा भवन -परिसर को जल्द खाली करने का अनुरोध किया गया था। अपर आयुक्त राज्य कर जोन- प्रथम व द्वितीय दिनेश कुमार मिश्रा ने कहा है कि वर्तमान में जी०एस०टी० से संबंधित सभी कार्य ऑनलाइन हैं, किन्तु फिर भी राज्य कर मण्डल कार्यालय मोदीनगर के अस्थाइ रूप से स्थानांतरण होने की स्थिति में व्यापारी एवं अधिवक्ता संगठनों को किसी प्रकार की असुविधा का सामना न करने पड़े इसके लिए विभाग की ओर से समुचित प्रयास किया जा रहा है। क्षेत्रीय कार्यालय में पंजीकृत व्यापारियों की जी0एस0टी0 से संबंधित किसी भी समस्या का समाधान प्राथमिकता पर करने हेतु विभाग प्रतिबद्ध है।

# कथा के सातवें दिन राम वनवास के वर्णन पर रोने लगे श्रद्धालु




**साहिबाबाद, करंट क्राइम।** शालीमार गार्डन के शिव चौक स्थित श्रीजगदंबा मंदिर में चल रही श्रीराम कथा के सातवें दिन शनिवार की रात कथावाचक श्रीकृष्ण प्रताप तिवारी चित्रकूट धाम वालों ने कहा कि जहां युद्ध ना हो वही अयोध्या है। जो घर अयोध्या बन जाए, उसकी रक्षा आठो प्रहर प्रभु श्रीराम करते हैं। इस दौरान कथावाचक ने अपने मधुर कंठ से जानकी की विदाई प्रसंग को जगत की बेटी की विदाई से जोड़ते हुए बहुत ही करुण तथा मर्मस्पर्शी शब्द चित्रण किया। उन्होंने पिता और पुत्री के संबंध को सबसे पवित्र बताते हुए जानकी की विदाई के दौरान महाराज जनक और सुनैना की दशा का वर्णन किया तो पंडाल में मौजूद श्रोताओं के नेत्रों से आंसुओं की धारा बह निकली। कथा का स्पर्श कराते हुए कहा कि जानकी की विदाई में पशु, पक्षी रोने लगे। गुरु वशिष्ट के परामर्श पर भारत का विवाह मांडवी से, उर्मिला का विवाह लक्ष्मण से और श्रुति कीर्ति का विवाह शत्रुघ्न के साथ एक ही मंडप में कराया गया। महाराज दशरथ गुरु से आज्ञा लेकर राम को युवराज बनाने की घोषणा करते हैं। पूरे अयोध्या में खुशी छा जाती है। इधर कैकेयी कोपभवन में चली जाती है और दशरथ से दो वरदान मांगती हैं कि भरत को राजगद्दी और राम को चौदह साल का वनवास। राजा दशरथ अचेत हो जाते हैं। राम लक्ष्मण और सीता के साथ वन को चले जाते हैं। श्रीराम वन गमन का वर्णन सुनकर श्रद्धालु भाव विभोर हो गए। इस मौके पर पार्षद राजीव भाटी ने लोगों प्रसाद वितरण किया। युग गुर्जर, हरि दत्त अग्रवाल, डॉ. सकलानी, गोपाल दत्त शर्मा, हरी अग्रवाल, राधे श्याम, छोटे लाल तिवारी, बी.एन तिवारी, किरणपाल भाटी आदि लोग मौजूद रहे।




### निकले जुबान से बोल अजी इनके तो कई बार बज लिये ढोल

नदियापार का मेंबर जेल भी चला गया और बेल पर बाहर भी आ गया। फूल वालों ने पूरा जोर भी लगा लिया मगर कुछ ना हुया। पुलिस वालों के तो संतरी ने भी ना सुनी वो तो मंत्री जी ने पूरा मामला सैटल करा दिया। किस्सा फूल वालों में चला तो जुबान भी फूल वाले की खुली और उसने कहा कि अजी इस बिरादरी का ये ही होना हैं और अजी इनके तो पहले भी कई बार ढोल बज लिये और कुछ हुया हो तो बता दो। कहने वाले ने कहा कि साईकिल वालों की सरकार में फूल वाले चौहान का दफ्तर आजम के खास अफसर ने उठा कर बाहर रखवा दिया था और बिरादरी से लेकर पार्टी तक कोई ना बोला था। जब सरकार थी तब कौन सा पगड़ी बंध गई थी, याद करो यूपी गेट पर अपमान का बदला लेने को घोड़ी के पैर में लाठी बांधी थी और सीओ ने आ के धमका कर लाठी खुलवाई और समझा दिया था कि लाठी इतनी लगेगी अगर घोड़ी पार्क से बाहर भी आ गई। पहलवान की गाली और मालियो से माफी के टाईम कहां चला गया था समाज। कहने वाले ने कहा कि अजी जुबान मत खुलवाओ और ज्यादा मत कहलवाओ वरना इनके तो कई बार ऐसे ही मान सम्मान के ढोल कई बार बज लिये हैं

### निगम वालों का जीरो असर वो जायेगें तो केवल डयू टू गनर

इलेक्शन भी हो गये और शपथ भी हो गई तो अब जिले से उस अफसर की विदाई कब होनी हैं जो विधानसभा वाले माननीयों से लेकर लोकसभा वाले माननीय के राडार पर पर है। सीन प्लानिंग एक्शन पर था कि बीच में किसी ने मेंबरो के एंगर और मुखिया के साथ मिसबिहेव का एंगल डाला। कहने वाले ने भी कह डाला कि इन फूलों के हिलाने से कुछ भी नही हिलने वाला। अगर वो जायेगें तो केवल डयू टू गनर जायेगें। वो जायेगें तो विधानसभा वालों और लोकसभा वालों की वजह से जायेगें। 73 फूलों और उनकी मुखिया का कोई असर इस पूरी पिक्चर में नही दिखेगा और ना यकीन हो तो चाय वाली बैठक के फोटो देख लो। ना तो बड़े अफसर ने बुलाया और बुलाया तो सरकार के मंत्रियो ने भी नही। किसी ने यह कह कर तफरी ली कि लो जी चाय भी अकेले ही पी ली

### अगर फूल में नही बनी बात तो वो थाम लेगा कांग्रेस का हाथ

चुनावी अरमान को लेकर अब देवतुल्य भी घमासान करने पर रेडी है। वो अब कोई कुर्बानी देने को तैयार नही है और किसी प्रकार की कोई कहानी भी सुनने को तैयार नही है। जिस दिन से शहर वालों का टिकट लोकसभा के लिये हुया उसी दिन से उसने उपचुनाव की तैयारी शुरू कर दी और लोकसभा के चुनाव में ही विधानसभा की दावेदारी भी कर दी। सुना है कि उसने हाथ वालों से भी हाथ मिला लिया है और अगर यहां बात नही बनी तो वो कांग्रेस का हाथ थाम लेगा और टिकट मांग लेगा। आगे का सीन उसकी सेटिंग पर डिपेंड हैं। बताया जाता है कि उसके जीजा जी की सेटिंग ठीक हैं तो उन्हे आशा ही नही पूर्ण विश्वास है कि हाथ का टिकट उसी के हाथ है। कहने वाले ने कह भी दिया कि इसमें कोई बुराई नही है वैसे भी जो मेंबरी में बगावत कर के लड़े उन्हे ही कौन सा काले पानी की सजा हो गई या एनएसए लग गया। सब के सब बैक टू भाजपाई हो गये अब चाहे कोई विधानसभा चुनाव लड़ा या कोई वार्ड का चुनाव लड़ा।

# पार्षद नरेश भाटी ने सेक्टर-13 के पार्क के सौंदर्यीकरण का किया उद्घाटन




**साहिबाबाद,करंट क्राइम।** वसुंधरा वार्ड 74 के सेक्टर-13 में पार्क के सौंदर्यीकरण के कार्य का रविवार को पार्षद नरेश भाटी ने क्षेत्रीय लोगों के साथ उद्घाटन किया और पार्क जनता के लिए खोल दिया गया। स्थानीय पार्षद नरेश भाटी के प्रयास से इस पार्क का सौंदर्यीकरण हो पाया है। इसमें लगभग कई लाख रुपये की लागत आई है। स्थानीय निवासियों ने पार्षद के कार्य की सराहना करते हुए उन्हें धन्यवाद दिया। पार्क में घूमने के लिए फुटपाथ बनवाया गया। कारपेट घास लगवाई गई, वहीं पार्क के चारों ओर की दीवार बनवाकर चारों तरफ लोहे की गिरिल लगवाने काम भी किया गया है।

# मंडोला में विद्युत विभाग की लापरवाही से हुई मौत पर विधायक ने मुख्यमंत्री से की आर्थिक मदद की मांग



**लोनी करंट क्राइम।** मंडोला ग्राम निवासी देवेंद्र त्यागी की 11 हजार विद्युत लाइन की चपेट में आने से हुई दुखद मृत्यु पर दुख प्रकट करते हुए लोनी विधायक नंदकिशोर गुर्जर ने प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ को पत्र लिखकर मृतक परिवार को 20 लाख की आर्थिक मदद और परिवार के एक सदस्य को नौकरी देने की मांग की है। विधायक नंदकिशोर गुर्जर ने कहा है कि ऊर्जा विभाग की लापरवाही के कारण यह दुखद घटना घटित हुई है। परिवार की आर्थिक स्थिति को ध्यान में रखते हुए मुख्यमंत्री विवेकाधीन कोष से 20 लाख की धनराशि सहायता के रूप में परिवार को प्रदान करने और आश्रित को योग्यतानुसार नौकरी प्रदान की जाए। उन्होंने कहा कि इस दुख की घड़ी में उनकी पूरी संवेदना परिवार के साथ है।

### घर के आंगन में खाना पका रही महिला के सिर में लगी गोली

**हापुड।** हापुड़ में घर में चूल्हे पर खाना बना रही थाना बाबूगढ़ क्षेत्र के गांव शेखपुर की महिला के सिर में संदिग्ध परिस्थितियों में गोली लग गई। परिजनों ने घायल महिला को स्थानीय अस्पताल में भर्ती कराया। जहां डॉक्टरों ने महिला के सिर में आठ टांके लगाए हैं। मामला गांव के कुछ युवकों द्वारा हर्ष फायरिंग का बताया जा रहा है। महिला के परिजनों ने अभी तक थाने में तहरीर नहीं दी है। पुलिस मामले की जांच में जुटी है।

करंट क्राइम



**गाजियाबाद (करंट क्राइम)।** नरेंद्र दामोदर दास मोदी के प्रधानमंत्री पद की तीसरी पारी के शपथ समारोह में राष्ट्रीय लोकदल के राष्ट्रीय अध्यक्ष चौधरी जयंत सिंह के शपथ ग्रहण की ली गई सेल्फी द्वारा रालोद नेता इंद्रजीत सिंह टीटू को साक्षी होने का मौका मिला।

# वसुंधरा में जरूरतमंद बच्चों को पाठ्य सामग्री का वितरण किया गया



**साहिबाबाद,करंट क्राइम।** वसुंधरा सेक्टर-9 के एचआईजी डुप्लेक्स सोसायटी द्वारा जरूरतमंद बच्चों को खाद्य सामग्री का वितरण किया गया। भीषण गर्मी को देखते हुए, हर वर्ष की भांति रविवार को इन बच्चों को खाद्य व पाठ्य सामग्री का वितरण समाजसेवी एवं जॉइंट सेक्रेटरी सहयोग ट्रस्ट,एचआईजी डुप्लेक्स सेक्टर 9 वसुंधरा की लिली गुप्ता तथा सुजीत गुप्ता के द्वारा कराया गया। इस कार्यक्रम की सफलता में संचालन समिति के सभी सदस्यों का पूरा सहयोग रहा। इस अवसर पर रतनलाल कौल, अनूप शुक्ला, संरक्षक आदित्य जानी, पुनीत शुक्ला, सोनिया चौधरी, अनिल शर्मा, पीएस वर्मा, आरके सिंह, डॉक्टर चंद्र मोहन, अंशु त्यागी, शशि पाल, हीरा मलिक, अर्जुन विरमानी, अनुज शर्मा, प्रशांत गुप्ता आदि लोग मौजूद रहे।

# नरेंद्र मोदी के शपथ लेने पर कैबिनेट मंत्री सुनील शर्मा के कार्यालय पर मनाया जश्न




**साहिबाबाद,करंट क्राइम।** उ.प्र. के कैबिनेट मंत्री सुनील कुमार शर्मा के साहिबाबाद स्थित जनसम्पर्क कार्यालय पर नरेन्द्र मोदी के प्रधानमंत्री पद की तीसरी बार शपथ लेते ही आतिशबाजी एवं मिठाई बांटकर कार्यकर्ताओं ने जश्न मनाया। कायार्लय प्रभारी हरिश्चंद्र शर्मा ने बताया कि तीसरी बार एनडीए की सरकार बनने व नरेन्द्र मोदी को प्रधानमंत्री पद की शपथ लेने की खुशी में भाजपा कार्यकर्ताओं ने मिठाई बांटकर, ढोल नगाड़ के साथ आतिशबाजी की। उन्होंने कहा कि संगठन के सभी कार्यकर्ताओं की मेहनत से रविवार को प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने तीसरी बार शपथ ली है। भाजपा कार्यकर्ताओं को गर्व है कि मोदी के नेतृत्व में विकसित भारत का संकल्प आगे बढ़ेगा। एनडीए की सरकार अपने लक्ष्यों को पूर्ति करेगी। लोकसभा चुनाव 2024 के परिणाम में पूर्व प्रधानमंत्री जवाहरलाल नेहरू के बाद लगातार तीसरी बार पीएम बनने वाले पहले नेता मोदी होंगे। तीसरी बार एनडीए की सरकार बनना मतलब देशवासियों ने भाजपा पर, एनडीए पर पूर्ण विश्वास जताया है। यह विजय दुनिया के सबसे बड़े लोकतंत्र की जीत है। यह विकसित भारत के प्रण की जीत है। यह सबका साथ, सबका विश्वास के मंत्र की जीत है। यह 140 करोड़ भारतीयों की जीत है। इस मौके पर पार्षद सचिन डागर, पार्षद हिमांशु चौधरी, पार्षद भूपेंद्र उपाध्याय, पूर्व पार्षद विजेंद्र चौहान, पार्षद प्रतिनिधि प्रवीण भाटी, पूर्व मंडल अध्यक्ष कुलदीप कसाना, राजकुमार चंदेल, कालीचरण पहलवान, पार्षद रवि भाटी, जितेंद्र सेन, पूर्व पार्षद एसपी सिंह, कैलाश यादव, उदयवीर चौधरी, सतीश सेन, मोनू राघव, रामनरेश बघेल, अशोक भाटी, पार्षद रामनिवास बंसल, पूर्व पार्षद सरदार भाटी, मंडल अध्यक्ष विजेंद्र भड़ाना मंडल, विनोद मिश्रा, पवन रेड्डी कुलदीप गोस्वामी आदि कार्यकर्ता मौजूद रहे।

# देश के भविष्य को सम्मानित करना गौरव की बात : पंडित रामदत्त शर्मा

**गाजियाबाद,करं क्राइम।** मेरठ रोड स्थित वात्सायन पैलेस बागपत में राष्ट्रीय जागरूक ब्राह्मण महासंघ एवं मेरी आवाज सुनो जन कल्याण समिति के तत्वावधान में मेधावी विद्यार्थी सम्मान समारोह हुआ। समारोह में 75% से ऊपर अंक लाकर 10वीं 12वीं पास करने वाले 301 मेधावी छात्र-छात्राओं एवं उनके माता-पिता ,को सम्मानित किया गया।

कार्यक्रम में जनपद बागपत में समाजसेवियों पत्रकारों व प्रशासनिक अधिकारियों का सम्मान किया गया। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए दोनों संस्थाओं के राष्ट्रीय अध्यक्ष पंडित रामदत्त शर्मा ने बताया कि उनकी संस्था पिछले 10 वर्षों से भारतवर्ष के हर जिले में इस तरह के कार्यक्रम करके देश के भविष्य छात्र-छात्राओं को सम्मानित करती है। आर्थिक रूप से गरीब परिवार की बेटियों की शादी, आर्थिक रूप से गरीब परिवार की बेटियों को बीए बीएससी बीकॉम बीबीए निशुल्क कराना, पर्यावरण के क्षेत्र में पेड़ पौधे लगाना, लोगों के स्वास्थ्य के लिए मेडिकल कैंप लगाकर उनकी निशुल्क जांच कराना आदि अनेकों कार्य संस्था द्वारा कराये जाते हैं। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में सम्मानित विधान परिषद सदस्य धर्मेंद्र भारद्वाज, वैज्ञानिक डॉ. रामकरण शर्मा विशिष्ट अतिथि आदेश शर्मा, सुनील शर्मा उपस्थित रहे। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए विधान परिषद सदस्य धर्मेंद्र भारद्वाज ने कहा कि उभरती हुई प्रतिभाओं का सम्मान करना अपने आप में गौरवान्वित महसूस कराता है। इस मौके पर अंजू खोखर, रेनू शमा, आरती शर्मा, कुसुम चौहान, आरती मान, साधना तिवारी मीनाक्षी शर्मा, सोनिया तिरखा, मधु धामा, गीता शर्मा, सत्येंद्र शर्मा, चंद्र दत्त शर्मा, मनीष शमा, विमला शर्मा, अमर वीर खोखर आदि उपस्थित रहे। कार्यक्रम का संचालन मेरी आवाज सुनो जनकल्याण समिति की प्रदेश अध्यक्ष प्रोफेसर भक्ति सिंह ने किया।

# एचआरआईटी में पर्यावरण संरक्षण पर सेमिनार आयोजित






**गाजियाबाद,करंट क्राइम।** एचआरआईटी के सेमिनार हॉल में भारतीय इंजीनियर्स संस्थान द्वारा रिसाइकलिंग पर्यावरण संरक्षण पर एक दिवसीय सेमिनार का आयोजन किया गया। सेमिनार का उद्देश्य विनिर्माण में पुनर्चक्रण प्रक्रियाओं के महत्व को उजागर करना और नागरिकों, कोविशेष रूप से छात्रों, को स्टार्टअप और उनकी चुनौतियों के बारे में शिक्षित और प्रेरित करना था। सेमिनार में दिल्ली की पूजा खंडेलवाल ने अपनी गोशालाओं के साथ नवाचारी पुनर्चक्रण समाधान पर केंद्रित स्टार्टअप का प्रस्तुतीकरण किया। नमन गुप्ता ने सिगरेट बट्स को विभिन्न क्षेत्रों में पुनर्चक्रण के लिए अपने इनोवेटिव विचार का प्रस्तुतीकरण किया। कु. युक्ति, मेरठ ने ई-वेस्ट पुनर्चक्रण पर अपने काम को दर्शाया। इंस्टीट्यूट के अधिकारी ने घरेलू सब्जियों के छिलकों के पुनर्चक्रण में छात्रों को शामिल होने के लिए बुलाया और गाजियाबाद कचरा प्रबंधन के लिए ई-रिक्शा सेवा की पेशकश की। इस सेमिनार का आयोजन डॉ. अनिल अग्रवाल, संस्थान के चेयरमैन की पहल पर किया गया और डॉ. अंजुल अग्रवाल, संस्थान के वाइस चेयरमैन ने सभी का स्वागत किया। कार्यक्रम में अन्य उल्लेखनीय वक्ताओं और रिसाइकलिंग और पर्यावरण संरक्षण के क्षेत्र में विशेषज्ञों ने सक्रिय भागीदारी की। वक्ताओं में डॉ.एससी गुप्ता,आआ तंवर, प्रो.वीरेंद्र ग्रोवर, रंजना शर्मा, डॉ.वीके जैन, डॉ. एनके शर्मा, डॉ.हरीश तलूजाडा, अनिल कुमार, डॉ.विनोद, डॉ.पूजा अरोड़ा, डॉ. नवनीत, डॉ. गौरव, डॉ.शिवा के अलावा शिक्षक व छात्र मौजूद रहे। सेमिनार में अतुल भूषण, अशेक कुमार वडॉ.शबनम जैदा का विशेष सहयोग रहा। साथ ही छात्र रिषभ,नितिका, नंदिनी, शुभ एव मयंक की उल्लेखनीय भागीदारी रही।

# आईआईटी की परीक्षा में अक्षत ने पाई 445 वीं रैंक




**गाजियाबाद,करंट क्राइम।** अक्षत श्रीवास्तव द्वारा आईआईटी की परीक्षा में 445वीं रैंक प्राप्त करने पर परिवार में खुशी का माहौल है। इस खुशी को परिजनों के साथ साझा करते हुए एवं बेटे की उपलब्धि पर अक्षत की मां ने उसे मिठाई खिलाकर अपने प्यार और भावनाओं का इजहार किया।

# पुलिस ने 12 घंटे में दबोचा मोबाइल लुटेरा



**मुरादनगर,करंट क्राइम।** नगर क्षेत्र में गांव दुहाई स्थित आरडी इंजीनियरिंग कॉलेज के पास पैदल जा रही बीटेक छात्रा से बाइक सवार बदमाश ने मोबाइल लूट लिया। लूट का विरोध करने पर बदमाश छात्रा को धक्का देकर फरार हो गया। पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज कर लूट करने वाले बदमाश को गिरफ्तार कर लिया है। नगर के रेलवे रोड पर वीरेन्द्र सिंह परिवार सहित रहते हैं उनकी पुत्री लक्ष्मी दिल्ली मेरठ मार्ग पर गांव दुहाई स्थित आरडी इंजीनियरिंग कॉलेज में पढ़ती है। शनिवार सुबह छात्रा रेलवे रोड से ऑटो में बैठकर कॉलेज के बाहर उतरी। जैसे ही वह पैदल कॉलेज गेट के पास पहंची तो इसी बीच एक बाइक सवार युवक आया और छात्रा के हाथ से मोबाइल लूट लिया। लूट करने के बाद बदमाश छात्रा को धक्का देकर फरार हो गया। छात्रा ने इसकी सूचना पुलिस को दी। एसीपी ने बताया कि छात्रा की तहरीर पर पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज कर बदमाश की तलाश शुरू कर दी। सर्विलांस की मदद से पुलिस ने बदमाश को देर रात दबोच लिया। पूछताछ में बदमाश ने अपना नाम मोहम्मद अली निवासी न्यू इस्लाम नगर थाना लिसाड़ी गेट मेरठ बताया। पुलिस ने बदमाश के पास से लूटा गया मोबाइल ,बाइक व तमंचा बरामद किया है।




# पीएम मोदी को मस्क ने दी जीत की बधाई

## भारत में काम करने को लेकर दिखे उत्सुक

**विशेष।** लोकसभा चुनाव में एनडीए गठबंधन की जीत और प्रधानमंत्री मोदी के तीसरे बार प्रधानमंत्री की खबर के बाद से अन्य देशों से बधाई का सिलसिला शुरू हो गया है। अब हाल ही में एलन मस्क ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को जीत की बधाई दी। साथ ही उन्होंने कहा कि वे भारत में अपनी कंपनी का काम करने के लिए काफी उत्सुक हैं।

नरेंद्र मोदी ने रविवार को प्रधानमंत्री पद की शपथ ली। वे लगातार तीसरी बार प्रधानमंत्री पद की शपथ लेने जा रहे हैं। वहीं उनके प्रधानमंत्री पद के दावेदार होने के बाद से ही अन्य देशों के नेता और प्रतिष्ठित व्यक्तियों की बधाई का सिलसिला शुरू हो गया है। अमेरिकी टेक अरबपति एलन मस्क ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को उनकी जीत पर बधाई दी।

**प्रधानमंत्री मोदी के तीसरी बार शपथ ग्रहण के बाद से ही बधाइयों का सिलसिला शुरू हो गया है**

52 वर्षीय मस्क ने शुक्रवार को एक्स पर पोस्ट में कहा, दुनिया के सबसे बड़े लोकतांत्रिक चुनावों में आपकी जीत के लिए नरेंद्र मोदी आपको बधाई। मैं भारत में अपनी कंपनियों द्वारा रोमांचक काम किए जाने के लिए उत्सुक हूं। वहीं कार्यवाहक पीएम मोदी ने मस्क की पोस्ट पर प्रतिक्रिया देते हुए कहा, आपकी बधाई के लिए आभारी हूं एलन मस्क उन्होंने कहा कि प्रतिभाशाली भारतीय युवा, देश की जनसांख्यिकी, पूवार्नुमानित नीतियां और स्थिर लोकतांत्रिक राजनीति अपने सभी भागीदारों के लिए कारोबारी माहौल प्रदान करती रहेगी।

बता दें कि इलेक्ट्रिक कार निमार्ता टेस्ला और माइक्रोब्लॉगिंग प्लेटफॉर्म एक्स के सीईओ द्वारा अप्रैल में बहुत भारी टेस्ला दायित्वों के कारण भारत की अपनी प्रस्तावित यात्रा स्थगित कर दी थी। एलन मस्क के 21 और 22 अप्रैल को भारत में होने की उम्मीद थी। वे प्रधानमंत्री मोदी से मिलने वाले थे। एलन मस्क ने एक्स पर पोस्ट में लिखा कि वह इस साल के अंत में भारत आने के लिए उत्सुक हैं।

हालांकि पिछले साल जून में पीएम मोदी की अमेरिकी यात्रा के दौरान एलन मस्क ने उनसे मुलाकात की थी। उन्होंने कहा था कि वे 2024 में भारत आने की योजना बना रहे हैं, साथ ही उन्होंने विश्वास व्यक्त किया कि टेस्ला जल्द ही भारतीय बाजार में प्रवेश करेगी।

### पाकिस्तानी मूल के व्यवसायी बोले-

# प्रधानमंत्री मोदी भारत ही नहीं, पूरे दक्षिण एशिया के लिए बेहतर नेता

**वाशिंगटन।** पाकिस्तानी मूल के एक अमेरिकी व्यवसायी ने दुनिया की सबसे बड़ी लोकतांत्रिक प्रक्रिया के शांतिपूर्ण और सफल संचालन पर भारत के लोगों को बधाई दी और कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी सिर्फ भारत में ही नहीं बल्कि पूरे दक्षिण एशिया क्षेत्र में स्थिरता की गारंटी हैं।




पाकिस्तानी मूल के अमेरिकी व्यवसायी ने कहा, मोदी का नेतृत्व भारत की स्थिरता और भारत के भविष्य की गारंटी है। साजिद तरार ने कहा, मोदी के तीसरी बार सत्ता में आने से पाकिस्तान के लोगों को उम्मीद है कि भारत के साथ उनके रिश्ते बेहतर होंगे। भारत में आम चुनावों के सफल समापन पर बधाई देते हुए साजिद तरार ने कहा, यह भारतीय लोकतंत्र की ताकत और लचीलेपन का प्रमाण है। उन्होंने कहा, भारत का लोकतंत्र अमेरिका से भी ज्यादा मजबूत है। उधर पाकिस्तान के पूर्व सूचना व प्रसारण मंत्री फवाद चौधरी ने भी दोनों देशों के बीच अच्छे संबंधों की इच्छा जताई है और बिना वीजा यात्रा सुविधा शुरू होने की वकालत की है।

देश के लोकसभा चुनावों के बाद नई सरकार के गठन की प्रक्रिया शुरू होने पर चीन ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को बधाई दी है। इसका विदेश मंत्रालय ने भी नपे-तुले शब्दों में शुक्रिया अदा किया है। प्रवक्ता रणधीर जायसवाल ने कहा, पीएम को बधाई देने के लिए चीन को धन्यवाद। आपसी सम्मान, हित, संवेदनशीलता के आधार पर भारत-चीन संबंधों को सामान्य बनाने का प्रयास करेंगे।

### मोदी का मस्क को जवाब

पीएम नरेंद्र मोदी ने जीत पर बधाई देने के लिए टेस्ला के सीईओ एलन मस्क को धन्यवाद दिया। पीएम ने सोशल मीडिया पर मस्क को जवाब देते हुए लिखा, उम्मीद के मुताबिक नीतियां और स्थिर लोकतांत्रिक व्यवस्था देश में अनुकूल कारोबारी माहौल बनाती रहेगी।

# किम की गंदी हरकत का दक्षिण कोरिया देगा जवाब

## प्योंगयांग के विरोध में लाउडस्पीकर से करेगा प्रचार

**सियोल।** उत्तर कोरिया अभी तक दक्षिण कोरिया को मिसाइल और परमाणु बम की ही धमकी देता रहा है। लेकिन अब उत्तर कोरिया गंदगी भी फैलाने लगा है। उत्तर कोरिया ने हाल ही में दक्षिणी कोरिया में कूड़ा-कचरा बांधकर 150 गुब्बारे छोड़ दिए थे। इस पर दक्षिण कोरिया भड़क गया। उसने कचरे से भरे गुब्बारे उड़ाने के मामले में सख्त रुख अपनाया है। सियोल का कहना है कि एक बार फिर से व्योंगयांग के विरोध में लाउडस्पीकर के जरिए प्रचार किया जाएगा।

राष्ट्रीय सुरक्षा बैठक में यह फैसला लिया गया। बैठक के बाद दक्षिण कोरियाई राष्ट्रपति कार्यालय ने कहा कि लाउडस्पीकर लगाए जाएंगे और रविवार से प्रसारण शुरू हो जाएगा। इससे उत्तर कोरिया जरूर गुस्सा होगा और जवाबी सैन्य कार्रवाई कर सकता है।



**सैकड़ों कचरे वाले गुब्बारे भेजे :** दक्षिण कोरिया की सेना ने कहा कि उत्तर कोरिया ने सप्ताह के अंत में एक बार फिर से सैकड़ों कचरे वाले गुब्बारे यहां भेजे।

उन्होंने कहा कि मई से लेकर अब तक तीसरी बार ऐसी हरकत की गई है। सेना ने पहले कहा था कि वह इस बात की जांच कर रही है कि गुब्बारों में उत्तर कोरियाई प्रचार सामग्री तो नहीं है।

# हूती विद्रोहियों के मिसाइल हमले से जहाज में लगी आग

**विशेष।** ब्रिटिश सुरक्षा फर्म एंब्रे ने रविवार को दावा किया है कि अदन की खाड़ी में एक व्यापारिक जहाज पर मिसाइल से हमला हुआ है। हमले के चलते जहाज में आग लग गई। हमला यमन से हुआ और इसके पीछे हूती विद्रोहियों का हाथ होने की आशंका जताई जा रही है।

ब्रिटेन के मेरीटाइम ट्रेड ऑपरेशंस (वङटळड) ने बताया कि जहाज के कप्तान ने उन्हें घटना के बारे में सूचित किया। जहाज पर यमन के नजदीक अदन की खाड़ी में दक्षिण पूर्व में 80 नॉटिकल मील की दूरी पर हमला हुआ। हूती विद्रोही बीते कई महीनों से लाल सागर, अदन की खाड़ी और अरब सागर में व्यापारिक जहाजों को निशाना बना रहे हैं। इस्त्राइल द्वारा गाजा में हमले के खिलाफ और फलस्तीनी लोगों के समर्थन में हूती विद्रोही इन हमलों को अंजाम दे रहे हैं।

सुरक्षा फर्म एंब्रे का कहना है कि जहाज के अगले हिस्से पर मिसाइल का हमला हुआ, जिसके बाद जहाज में आग लग गई। हालांकि जहाज के क्रू ने ही आग पर काबू पा लिया। जहाज पर दो मिसाइलों से हमला किया गया, लेकिन दूसरी मिसाइल जहाज से नहीं टकराई। हमले में किसी के हताहत होने और बड़े नुकसान की खबर नहीं है।

**लंबे समय से हूती विद्रोही जहाजों पर कर रहे हमले :** बीते दिनों हूती विद्रोहियों ने यमन में संयुक्त राष्ट्र के नौ कर्मियों का अपहरण कर लिया था।

### चीन-पाकिस्तान ने जारी किया संयुक्त बयान

# 'कश्मीर समाधान के लिए एकतरफा कार्रवाई ना हो'

**बीजिंग।** चीन और पाकिस्तान ने शनिवार को दक्षिण एशिया में लंबित सभी मुद्दों विशेषकर कश्मीर के समाधान के लिए किसी भी एकतरफा कार्रवाई का विरोध किया। चीनी पक्ष ने दोहराया कि जम्मू-कश्मीर विवाद को संयुक्त राष्ट्र चार्टर, प्रासंगिक संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद के प्रस्तावों और द्विपक्षीय समझौतों के अनुसार उचित और शांतिपूर्ण तरीके से हल किया जाना चाहिए। बता दें, पाकिस्तानी प्रधानमंत्री इन दिनों चीन की यात्रा पर हैं।



**चीनी पक्ष ने दोहराया कि जम्मू-कश्मीर विवाद को उचित और शांतिपूर्ण तरीके से हल किया जाना चाहिए।**

**सीपीईसी कॉरोडिर पर भी की थी चर्चा :** दो दिन पहले, पाकिस्तान के प्रधानमंत्री कार्यालय ने एक बयान जारी किया। बयान में कहा गया कि पाकिस्तान के प्रधानमंत्री शहबाज शरीफ ने चीनी प्रधानमंत्री ली-कियांग से मुलाकात की। उन्होंने सीपीईसी के एक महत्वपूर्ण स्तंभ के रूप में ग्वादर के महत्व पर चर्चा की। उन्होंने बलूचिस्तान के ग्वादर को एक क्षेत्रीय आर्थिक केंद्र में बदलने के लिए सभी संबंधित बुनियादी ढांचा परियोजनाओं को समय पर पूरा करने में तेजी लाने पर सहमति व्यक्त की। बयान में आगे कहा गया कि दोनों नेताओं ने सीपीईसी को उसके विरोधियों से भी बचाने पर सहमति व्यक्त की। उन्होंने एक-दूसरे के प्रति दृढ़ प्रतिबद्धता व्यक्त की। इसके अलावा, प्रधानमंत्री कियांग ने संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद के अस्थायी सदस्य के रूप में पाकिस्तान के चुनाव पर प्रधानमंत्री शरीफ को बधाई दी।

**सीपीईसी कॉरिडोर का भारत करता है विरोध :** सीपीईसी पाकिस्तान के बलूचिस्तान में स्थित ग्वादर बंदरगाह को चीन के शिनजियांग प्रांत से जोड़ता है। भारत इसका विरोध कर रहा है क्योंकि इसे पाकिस्तान के कब्जे वाले कश्मीर (पीओके) के माध्यम से बनाया जा रहा है। सीपीईसी को लेकर एक बार जयशंकर ने कहा था कि मुझे लगता है।

### पाकिस्तान सरकार पर साथी दल पीपीपी ने लगाया गंभीर आरोप, कहा

# बजट के बारे में नहीं की कोई चर्चा

**इस्लामाबाद।** पाकिस्तान सरकार पर उनके साथी दल पीपीपी ने लगाया गंभीर आरोप, कहा- बजट के बारे में नहीं की कोई चर्चा

पाकिस्तान सरकार के 12 जून को वित्तीय वर्ष 2024-25 का बजट पेश करने की संभावना जताई जा रही है। पाकिस्तान पीपुल्स पार्टी ने बताया कि गठबंधन सहयोगी होने के बावजूद सत्तारूढ़ पीएमएल-एन के नेतृत्व वाली सरकार ने आने वाले संघीय बजट पर उनसे परामर्श ही नहीं किया।



रविवार को मीडिया रिपोर्ट में पाकिस्तान पीपुल्स पार्टी ने पीएम शहबाज शरीफ की पाकिस्तान मुस्लिम लीग-नवाज पार्टी पर बजट संबंधी चर्चा न करने का आरोप लगाया। यह भी बताया कि बजट के लिए उन्हें विश्वास में नहीं लिया गया। पाकिस्तान पीपुल्स पार्टी (पीपीपी) के नेता सैयद खुर्शीद अहमद शाह ने कहा कि प्रधानमंत्री शहबाज शरीफ की पाकिस्तान मुस्लिम लीग-नवाज (पीएमएल-एन) पार्टी के नेतृत्व वाली सरकार ने न तो हमें बजट के संबंधित कुछ बताया और न ही हमें विश्वास में लिया।


सैयद खुर्शीद अहमद शाह ने अपना पल्ला झाड़ते हुए कहा कि हमें नहीं पता कि पीएमएल-एन निजीकरण नीति, करों, विकास कार्यक्रमों के बारे में क्या कर रही है। पीपीपी के शाह ने कहा कि बिलावल भुट्टो के नेतृत्व वाली पीपीपी को राहत के बारे में कुछ भी पता नहीं है। उन्होंने कहा कि उन्हें नहीं पता कि सरकार बजट बना रही है या अंतरराष्ट्रीय मुद्रा कोष (आईएमएफ) का बजट थोपा जा रहा है।

बता दें कि 8 फरवरी को आम चुनावों में बड़े पैमाने पर धांधली के आरोप लगाए गए। इसके बाद पीएमएल-एन और पीपीपी ने खंडित चुनावी नतीजों के बाद गहन बातचीत के बाद गठबंधन सरकार बनाई। उन्होंने अपना दुख प्रकट करते हुए बताया कि बजट में पीपीपी के प्रस्तावों को शामिल नहीं किया गया। उन्होंने कहा, लोग हमसे पूछेंगे कि हमने क्या किया है। क्या हम उन्हें बताएंगे कि हमें इसके बारे में पता ही नहीं है? शाह ने यह भी कहा कि पार्टी को बजट के बारे में लिए जाने वाले निर्णयों की राजनीतिक रूप से जांच करनी होगी।

### बाइडन की नई प्रतिबंध नीति लाई रंग

# अमेरिका-मैक्सिको सीमा पर प्रवासियों की संख्या में आई कमी

**वाशिंगटन।** अमेरिका प्रशासन ने अमेरिका-मैक्सिको सीमा पर शरण मांगने वाले प्रवासियों पर प्रतिबंध लगा दिया है। इस बीच, अमेरिका-मैक्सिको सीमा को गलत तरीके से पार करते हुए पकड़े गए प्रवासियों की संख्या में कमी दर्ज की गई। एक वरिष्ठ अमेरिकी सीमा अधिकारी ने कहा कि यह इस बात का संकेत है कि बाइडन प्रशासन के नए प्रतिबंध कारगार साबित हो रहे हैं।



**करीब 3,100 लोग गिरफ्तार :** अधिकारी ने नाम न छापने की शर्त पर कहा कि अमेरिकी सीमा गश्ती ने अवैध रूप से सीमा पार करने वाले करीब 3,100 लोगों को गिरफ्तार किया, जो पहले के दिनों से लगभग 20 फीसदी कम है। उन्होंने आगे कहा कि अभी यह कहना जल्दबाजी होगी कि अब ऐसी ही स्थिति बनी रहेगी। हालांकि, हमें लगता है कि शुरूआत में ऐसे आंकड़े आना सफलता का संकेत है।

**एक अहम और बड़ा मुद्दा बनकर उभरा :** पांच नवंबर को होने वाले चुनावों से पहले आप्रवासन अमेरिकियों के लिए एक अहम और बड़ा मुद्दा बनकर उभरा है, जो व्हाइट हाउस और सदन पर नियंत्रण का फैसला करेगा। यहां राष्ट्रपति जो बाइडन और डोनाल्ड ट्रंप के बीच कड़ी टक्कर बनी हुई है। साल 2021 में बाइडन ने पदभार ग्रहण करते हुए ट्रंप की कई नीतियों को बदलने का वादा किया था।

वहीं, सीमा पर रिकॉर्ड प्रवासी गिरफ्तारियों के मद्देनजर उन्होंने अपना रुख कड़ा कर लिया है। बाइडन ने बुधवार को एक व्यापक नीति लागू की, जो आम तौर पर अमेरिका-मैक्सिको सीमा पार करने वाले प्रवासियों को शरण लेने से रोकती है। शरण प्रतिबंध में अकेले नाबालिगों, गंभीर चिकित्सा या सुरक्षा खतरों का सामना करने वाले लोगों और तस्करी के पीड़ितों के लिए अपवाद हैं।

# 'राजनीतिक सुलह के लिए इमरान गंभीर नहीं', शरीफ बोले- उनकी पार्टी बदले की भावना से काम नहीं करती

**इस्लामाबाद।** पाकिस्तान के पूर्व प्रधानमंत्री नवाज शरीफ ने एक और पूर्व पीएम इमरान खान को देश में राजनीतिक सुलह के रास्ते में मुख्य बाधा बताया है। शरीफ ने राजनीतिक सुलक के लिए बातचीत के प्रति सत्तारूढ़ पीएमएल-एन पार्टी की प्रतिबद्धता पर जोर देते हुए कहा कि वह बदले की भावना से काम नहीं करती है। शरीफ ने यह टिप्पणी शुक्रवार शाम को पार्टी सीनेटरों के साथ एक बैठक के दौरान की। इस बैठक में इमरान खान की पाकिस्तान तहरीक ए इंसाफ (पीटीआई) पार्टी के साथ बातचीत के मुद्दे पर विस्तार से चर्चा की गई।



सत्तारूढ़ पाकिस्तान मुस्लिम लीग नवाज (पीएमएल-एन) के अध्यक्ष शरीफ ने कहा कि पूर्व प्रधानमंत्री खान खुद वार्ता की प्रक्रिया में गंभीरता नहीं दिखा रहे हैं, जो सार्थक वार्ता के लिए एक महत्वपूर्ण चुनौती है। नवाज ने पार्टी सांसदों से कहा, 'जब कोई गंभीर नहीं है तो कोई कैसे बातचीत कर सकता है?' शरीफ (74) ने अतीत की उन घटनाओं का जिक्र किया, जब खान ने दोस्ती के प्रस्ताव ठुकराए थे। शरीफ ने कहा यह रचनात्मक वार्ता करने के प्रति अनिच्छा का संकेत है।

पूर्व प्रधानमंत्री ने जोर देकर कहा, ₹मैं खुद बानी गाला (इमरान खान के घर) गया। हमारी ईमानदारी को हमारी कमजोरी माना जाता है।₹। राजनीतिक मतभेदों के बावजूद बातचीत के महत्व को रेखांकित करने के लिए नवाज ने कड़े विरोध का सामना करने के बावजूद दिवंगत प्रधानमंत्री बेनजीर भुट्टो के साथ अपनी मुलाकात का उदाहरण दिया। उन्होंने कहा कि चूंकि वह राजनीतिक प्रतिशोध में विश्वास नहीं करते थे, इसलिए उन्होंने और पूर्व प्रधानमंत्री बेनजीर भुट्टो ने लोकतंत्र के चार्टर पर हस्ताक्षर किए थे।

शरीफ ने कहा कि उनके मन में किसी के खिलाफ कोई राजनीतिक प्रतिशोध या दुर्भावना नहीं है, यहां तक कि उन लोगों के खिलाफ भी जिन्होंने अतीत में उन्हें सत्ता से बाहर रखने का प्रयास किया था। नवाज शरीफ ने कहा, 'मैं राजनीतिक बदला लेने वाला व्यक्ति नहीं हूं। पीएमएल-एन अध्यक्ष ने कहा कि खान के कार्यकाल के दौरान उन्हें जेल की कोठरी का एसी हटवाने के लिए धमकाया गया था। हालांकि, उन्होंने कहा कि वह राजनीतिक प्रतिशोध में विश्वास नहीं करते। तीन बार प्रधानमंत्री रहे शरीफ ने कहा कि खान अभी जेल की सजा काट रहे हैं, लेकिन उन्होंने इस बारे में कभी सोचा भी नहीं। खान ने बार-बार कहा है कि वह केवल ₹वास्तविक हितधारकों₹ के साथ बातचीत करेंगे। खान ने पीएमएल-एन पर पाकिस्तान पीपुल्स पार्टी के साथ सरकार बनाने के लिए उनकी पार्टी के जनादेश को चुराने का आरोप लगाया है।

# जिंदा महिला को निगल गया 16 फीट लंबा अजगर, पेट काटा तो मिला कपड़े पहने पूरा शव

**मकस्सर।** इंडोनेशिया से एक हैरान करने वाला मामला सामने आया है। यहां एक महिला को अजगर ने पूरा निगल लिया। बाद में ग्रामीणों ने अजगर का पेट काटकर महिला का शव निकाला। स्थानीय अधिकारियों ने शनिवार को इस बारे में जानकारी दी है।



**चार बच्चों की मां को निगला :** दक्षिण सुलावेसी प्रांत के कलेमपांग गांव के मुखिया सुआर्डी रोसी ने बताया कि चार बच्चों की मां फरीदा गुरुवार रात लापता हो गई थी और घर नहीं लौटी। बाद में उसके पति और गांव के लोगों ने उसे खोजना शुरू किया। तलाशी के दौरान महिला के पति को उसका कुछ सामान मिला, जिसके चलते उसे अनहोनी का शक हुआ।

**16 फीट लंबा अजगर :** ग्रामीणों ने इलाके की खोजबीन शुरू की तो एक 16 फीट लंबा अजगर दिखाई दिया, जिसका पेट फूला हुआ था। मुखिया ने कहा कि इसके बाद गांव वाले अजगर का पेट काटने के लिए सहमत हो गए। जैसे ही उन्होंने पेट काटना शुरू किया उन्हें सबसे पहले 45 साल की फरीदा का सिर दिखाई दिया। इसके बाद अजगर के पेट के अंदर फरीदा पूरी तरह कपड़ों में पाई गई।

**इंडोनेशिया में अजगर के हमले की घटनाएं बढ़ीं :** अजगर द्वारा इंसानों को निगले जाने की घटनाएं बहुत दुर्लभ मानी जाती हैं, लेकिन हाल के वर्षों में इंडोनेशिया में कई लोगों की मौत इस तरह से हुई है। पिछले साल, दक्षिणपूर्व सुलावेसी के तिनंगगिया जिले के निवासियों ने आठ मीटर के अजगर को मार डाला था, जब उसने गांव में एक किसान को मारकर निगल लिया था। साल 2018 में दक्षिणपूर्व सुलावेसी के मुना शहर में एक 54 वर्षीय महिला को अजगर ने अपना शिकार बना लिया था। महिला का शव सात मीटर लंबे अजगर के पेट के अंदर पाया गया था।

# इस्त्राइल ने हमास के कब्जे से चार बंधक छुड़ाए, भीषण लड़ाई में कम से कम 210 फलस्तीनियों की मौत, कई घायल

**गाजा।** इस्त्राइली रक्षा बलों (आईडीएफ) ने शनिवार को अल-नुसीरत के मध्य गाजा क्षेत्र में दो अलग-अलग जगहों से चार बंधकों को जीवित बचा लिया है। गत वर्ष 7 अक्तूबर को इन्हें दक्षिणी इस्त्राइल में नोवा संगीत समारोह के दौरान हमास के आतंकवादियों ने अगवा कर लिया था। बंधकों में तीन पुरुष और एक महिला है। इस बीच, इस दौरान ताबड़तोड़ हमलों में 210 फलस्तीनी मारे गए और 400 घायल हो गए।

इस्त्राइली सेना ने बंधकों की पहचान नोआ अगामार्नी (25), अल्मोग मीर जान (21), आंद्रे कोजलोव (27) और श्लोमी जिव (40) के रूप में उजागर की है। नोआ अगामार्नी के उनके पिता के साथ मिलते हुए वीडियो फुटेज एक टीवी चैनल पर प्रसारित भी किए गए। 7 अक्तूबर को अगामार्नी के अपहरण का वीडियो भी आतंकियों द्वारा उन्हें खींचते हुए प्रसारित हुआ था। यरूशलम पोस्ट की रिपोर्ट के अनुसरा, बंधकों को शिन बेत और यमम ब्रिगेड ने नुसरत में चलाए गए ऑपरेशन में दो अलग-अलग स्थानों से बचाया।




हमास नियंत्रित क्षेत्र में स्वास्थ्य मंत्रालय ने कहा कि मध्य गाजा में अल-नुसीरात और अन्य क्षेत्रों पर इस्त्राइली हमलों में 210 फलस्तीनी मारे गए हैं और 400 घायल हुए हैं। मृतकों के शव और घायल लोग शनिवार को अल-अक्सा अस्पताल पहुंचे। यहां इलाज के लिए कोई व्यवस्था तक नहीं है। जबकि सड़कों पर दर्जनों लोग पहले ही घायल पड़े हैं। इस्त्राइल को चार बंधक छुड़ाने में मिली सफलता और हमलों में हुई सैकड़ों मौतों के बीच अमेरिकी विदेश मंत्री एंटनी ब्लिंकेन सोमवार से बुधवार तक मिस्त्र, इस्त्राइल, जॉर्डन और कतर के दौरों पर आने वाले हैं। इतनी बड़ी संख्या में हुई मौतों को लेकर मध्य-पूर्व में तनाव है। आशंका है कि ईरान, हिजबुल्ला और हूती इस घटना के विरोध में प्रतिक्रिया दे सकते हैं। उधर, इस्त्राइल ने हमास के खात्मे का संकल्प लिया है।

### बाल-अधिकार उल्लंघन सूची

विश्व निकाय के महासचिव एंतोनियो गुटेरस सुरक्षा परिषद को दी जाने वाली अपनी आगामी वार्षिक रिपोर्ट में इस्त्राइल और हमास को सशस्त्र संघर्ष में बच्चों के अधिकारों व सुरक्षा का उल्लंघन करने वालों की सूची में शामिल करेंगे। बाल हत्या, उन्हें अपंग बनाने, विद्यालयों, अस्पतालों पर हमलों में शामिल पक्षकारों को सूची में शामिल किया जाता है। इस्त्राइल ने नाराजगी जताते हुए इसे शर्मनाक बताया है।

जर्मन चांसलर ओलाफ शोल्ज ने शनिवार को इस्त्राइली सैन्य अभियान के दौरान गाजा पट्टी में चार बंधकों की रिहाई पर खुशी जताई और कहा कि 'यह बंधकों के परिजनों के लिए आशा की किरण है। चार बंधक अब मुक्त हो गए हैं। हमास को अंततः सभी बंधकों को रिहा करना चाहिए। युद्ध समाप्त होना चाहिए'।

# बागपत के अग्रवाल मंडी टटीरी के लायंस क्लब को अपनी विधायक निधि से दी गई एम्बुलेंस का एमएलसी दिनेश गोयल ने किया लोकार्पण

## कन्या डिग्री कॉलेज को सोलर लाइट व कम्प्यूटर के लिए 11 लाख की निधि देने का दिया आश्वासन





**गाजियाबाद,करंट क्राइम।** विधान परिषद सदस्य दिनेश गोयल ने अपनी विधायक निधि से बागपत स्थित अग्रवाल धर्मशाला अग्रवाल मंडी टटीरी के लायंस क्लब को जनसेवा के लिए उपलब्ध कराई गई आधुनिक सुविधाओं से युक्त एम्बुलेंस का लोकार्पण किया। लोकार्पण में एमएलसी दिनेश गोयल के साथ मंडल अध्यक्ष पीएम जेएफ लायन एके मित्तल, लायन विनय सिसोदिया एवं लायन आदित्य गुप्ता ने हरी झंडी दिखाकर एम्बुलेंस का लोकार्पण किया।

इस अवसर पर लायन अभिमन्यु गुप्ता ने सभी अतिथियों के साथ नारियल फोड़कर तथा दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम का विधिवत्त प्रारंभ किया। अभिमन्यु गुप्ता ने दिनेश गोयल से वैदिक कन्या डिग्री कॉलेज के लिए सोलर लाइट एवं कंप्यूटर के लिए 11 लाख रुपए विधायक निधि से प्रदान करने की मांग की जिसे विधायक दिनेश गोयल ने निधि आने पर उनकी मांग पूरी करने का आश्वासन दिया। इस अवसर पर सुप्रसिद्ध समाजसेवी वैदिक कन्या डिग्री कॉलेज के सचिव लायन सुरेश गुप्ता, लायन सुधीर जैन एडवोकेट अध्यक्ष टैक्स बार बागपत रीजन, लायन दीपक गोयल जोन अध्यक्ष, लायन संदीप अग्रवाल चार्टर अध्यक्ष, प्रमोद गुप्ता पूर्व अध्यक्ष नगर पंचायत, विनोद गुप्ता पूर्व अध्यक्ष नगर पंचायत एवं डॉक्टर विनोद कुमार का सम्मान किया गया।

### ग्रामीणों का जीवन बचाने में मिलेगी बड़ी सुविधा

**करंट क्राइम।** लोकार्पण कार्यक्रम की अध्यक्षता लाइन सुनील मित्तल ने की। इस अवसर पर क्लब की ओर से विधायक दिनेश गोयल को अभिनंदन पत्र देकर सम्मानित किया गया। इस अवसर पर लायन एके मित्तल ने कहा कि एंबुलेंस से ग्रामीण क्षेत्र को जीवन बचाने में सुविधा मिलेगी, लायन विनय सिसोदिया ने कहा कि लायन अभिमन्यु गुप्ता मंडल में सेवा के पर्याय हैं, लायन आदित्य गुप्ता ने कहा कि लायंस क्लब अग्रवाल मंडी सेवा के कार्यों में अनूठी मिसाल प्रदान करता है।

कार्यक्रम में वर्ष 2024-25 के मंडल अध्यक्ष लायन एके मित्तल द्वारा लायंस क्लब अग्रवाल मंडी के वरिष्ठ लायन अभिमन्यु गुप्ता को सलाहकार नियुक्त किया गया जिसका सदन ने करतल ध्वनि एवं माल्यार्पण के साथ पगड़ी पहनाकर अभिनंदन किया।

लायन संदीप अग्रवाल को रीजन चेयरमैन, लायन डॉक्टर जेएस शर्मा को जोन चेयरपर्सन एवं लायन हंसराज गुप्ता, लायन प्रवीण गुप्ता, लायन सुनील मित्तल को उप मंडल अध्यक्ष मनोनीत किया गया सभी का पटका पहनाकर अभिनंदन किया गया। लायन पंकज गुप्ता को जिला अध्यक्ष मनोनीत करने पर सम्मानित किया गया। इस अवसर पर बागपत व्यापारी संघ के अध्यक्ष मनोज गोयल एडवोकेट, आशुतोष अग्रवाल, छपरौली से राहुल गुप्ता, बड़ोत से लायन डॉक्टर कमला अग्रवाल, लायन गुनेंद्र गुप्ता, लायन अलका गुप्ता, लायन डॉक्टर रुचि गुप्ता एवं लायन डॉक्टर कमलदीप जिंदल ने एंबुलेंस को मां का स्वरूप मानते हुए हृदयस्पर्शी कविता का पाठ किया जिसका सभी ने करतल ध्वनि से अभिवादन किया। इस अवसर पर मंडी समिति के पूर्व सचिव लायन जेपी धामा, लायन प्रमोद धामा, तेजपाल प्रधान, डॉक्टर करणवीर सिंह, डॉक्टर रामलाल, अनिल गांधी, आशुतोष मित्तल प्रमोद जैन, अंकित जिंदल, बृजभूषण गोयल, विभोर जिंदल, संतोष गुप्ता, लायन कमलेश कौशिक, मास्टर सचिन गुप्ता, डॉक्टर मयंक गोयल, मनोज मित्तल, संजय सैनी एडवोकेट, रामकिशोर, लायन डॉक्टर प्रदीप नेन, आशुतोष मित्तल, अजय मित्तल, श्रीपाल वर्मा, डॉक्टर योगेश चौधरी, गौरव आर्य, पवन ठेकेदार, हिमांशु गर्ग, लायन जेपी गुप्ता, एडवोकेट संजीव शर्मा, पीटीआई आशीष गोयल, अमन गोयल डीएवी इंटर कॉलेज के पूर्व प्रधानाचार्य लायन मूलचंद, डॉ. संजय तोमर, राजीव प्रधान सहित अनेक गणमान्य व्यक्ति उपस्थित रहे सभी ने विधायक दिनेश गोयल जी का खड़े होकर अभिनंदन किया और धन्यवाद किया। कार्यक्रम का संचालन एमजेएफ लायन अभिमन्यु गुप्ता ने किया।

# स्व. राजेश पायलट की 24 वीं पुण्यतिथि पर प्रतिभा सम्मान समारोह आयोजित

## प्रतिभाशाली बच्चे ही हमारे आने वाले कल का भविष्य हैं : प्रशांत चौधरी

### गुर्जर समाज के बच्चों को ट्रॉफी और प्रमाण पत्र देकर किया सम्मानित

**गाजियाबाद,करंट क्राइम।** गुर्जर युवा मंगल दल ने पूर्व केंद्रीय मंत्री स्वर्गीय राजेश पायलट की 24 वीं पुण्यतिथि प्रतिभा सम्मान समारोह का आयोजन किया। समारोह में 10वीं एवं 12वीं कक्षा में उत्तम अंक लाने वाले मेधावी छात्र-छात्राओं को ट्रॉफी एवं प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथिं पूर्व विधायक प्रशांत चौधरी रहे तथा कार्यक्रम की अध्यक्षता अविनाश चौधरी एडवोकेट ने की। कार्यक्रम में आयोजक सोनल नागर, मनीष गुर्जर ने अपना विशेष योगदान दिया।

इस अवसर पर पूर्व विधायक प्रशांत चौधरी ने मेधावी बच्चों को संबोधित करते हुए कहा कि आप हमारा कल का आने वाला भविष्य हैं हमारे समाज के बच्चों ने इतने अच्छे अंक प्राप्त कर कर अपने माता-पिता, अपने विद्यालय और अपने शिक्षकों के साथ-साथ पूरे गुर्जर समुदाय का नाम ऊंचा किया है। आज आप लोगों की वजह से हमारा पूरा समाज गर्व महसूस कर रहा है। बच्चे इसी तरह से पढ़ते रहें पूरी लगन और मेहनत के साथ और समाज में अपना नाम रोशन करें। प्रशंत चौधरी ने कहा कि वह इन बच्चों के माता-पिता और शिक्षकों को विशेष रूप से बधाई देते हैं कि उन्होंने इन बच्चों के अंदर जो जज्बा पढ़ाई के लिए जगाया है आज उसी की बदौलत इन बच्चों ने समाज में अपना नाम रोशन किया है। कार्यक्रम की विशेषता यह रही कि इस कार्यक्रम में समाज के प्रमुख शिक्षाविद सम्मिलित रहें। इनमें पृथ्वी सिंह कसाना, प्रज्ञा सिंह, मास्टर यशवीर नागर, पुरुषोत्तम राणा, सुरेंद्र नागर, ज्ञानेंद्र सिंह आर्य, हरिओम कसाना मास्टर मोजम, विजयपाल कसाना, मास्टर रामपाल कसाना आदि उपस्थित रहे। सभी शिक्षाविदों ने मार्गदर्शन बच्चों को दिया, जब आयोजक मंडल और मुख्य अतिथि प्रशांत चौधरी समेत सभी अतिथिगण बच्चों को सम्मानित कर रहे थे तब बच्चों के माता-पिता की आंखें खुशी से नम थीं और छाती गर्व के साथ चौड़ी हो रही थी।









### सभी मेधावी बच्चे हमारे राष्ट्र की धरोहर हैं : विवेक भाटी



**करंट क्राइम।** हमारी आने वाली पीढ़ी समाज ही नहीं पूरे देश में एक नया आयाम स्थापित करेगी। यह बात गुर्जर भवन के अध्यक्ष विवेक भाटी ने बच्चों की लगन और मेहनत को देखते हुए कही। उन्होंने कहा कि मुझे व्यक्तिगत रूप से यह लगता है कि यह बच्चे अपने माता-पिता और पूरे समाज का नाम देश ही नहीं पूरे विश्व में ऊंचा करेंगे और एक विशिष्ट स्थान पाएंगे। उन्होंने कहा कि बच्चे राष्ट्र की धरोहर हैं, बच्चों से उन्होंने अपील की कि अगर भविष्य में कभी किसी प्रकार की बाधा उन्हें अपनी शिक्षा में आ रही है तो मैं हमेशा तैयार हूं उनकी हर बाधा को दूर करने के लिए। विवेक भाटी ने इन बच्चों को के शिक्षकों को भी नमन करते हुए कहा है कि बच्चों के अंदर इतनी प्रतिभा भरने के लिए मैं आपका अभिनंदन करता हूं क्योंकि गुरु के बिना कुछ संभव नहीं है। यह बच्चे आगे चलकर बड़े-बड़े पदों पर आसीन होकर हमारे समाज का नाम रोशन करेंगे।

# यूपी गवर्मेंट पेंशनर्स एसोसिएशन का द्विवार्षिक अधिवेशन सम्पन्न




**गाज़ियाबाद , करंट क्राइम।** यूपी गवर्नमेंट पेंशनर एसोसिएशन का द्विवार्षिक अधिवेशन राजनगर सेक्टर-8 स्थित आईएमए सभागार में सम्पन्न हुआ। एसोसियेशन के अध्यक्ष एसपी गुप्ता ने अधिवेशन की कार्रवाई का अनुमोदन करते हुए संविधान संशोधन के साथ साथ वर्ष 2023-24 का आय-व्यय एवं 2024-25 के बजट का परितीकरण किया।

अधिवेशन में आगामी 2 वर्ष के लिए निर्विरोध कार्यकारिणी का गठन संरक्षक आरके गोयल एवं राज्य कर्मचारी संयुक्त परिषद के जिलाध्यक्ष देवब्रत चौधरी निर्वाचन अधिकारी की देख-रेख में हुआ। कार्यकारिणी में प्रकाश गुप्ता अध्यक्ष, केके गुप्ता उपाध्यक्ष, आरपी सारस्वत महासचिव, निहाल सिंह सचिव, एमके शर्मासह सचिव, हरी प्रकाश को कोषाध्यक्ष बनाया गया। इस अवसर पर संरक्षक जगदीश सिंह, आरके त्यागी, रविंदर कुमार, निहाल सिहं, हरि प्रकाश, एससी गर्ग, अनिल कुमार अग्रवाल, डीपी गर्ग, एससी गुप्ता, जेके त्यागी, वीपी सिरोही सहित सैकड़ों सदस्यों ने भाग लिया।

# नरेंद्र मोदी के तीसरी बार प्रधानमंत्री बनने पर किया भंडारा




**गाजियाबाद,करंट क्राइम।** भारत की जनता द्वारा एनडीए को फिर से जनादेश सौंपकर नरेंद्र दामोदरदास मोदी के तीसरी बार प्रधानमंत्री पद की शपथ लेने पर रविवार को नंदग्राम स्थित वार्ड नंबर 49 मरियम नगर में समाजसेवी कृष्ण शर्मा ने भंडारे का आयोजन किया।

भंडारे में सब्जी, पूरी व 200 किलो लड्डू बांट कर प्रधानमंत्री द्वारा शपथ लेने की खुशी मनाई। भंडारे का शुभारंभ एसीपी रवि कुमार व पार्षद वीरेंद्र त्यागी ने किया। इस मौके पर कृष्ण शर्मा, विकास शर्मा, लोकेश त्यागी, हेमंत त्यागी, अयाज मलिक, बबली त्यागी, प्रेम त्यागी, विनोद कुमार व सोनू त्यागी मौजूद रहे।

## सफलता



गाजियाबाद (करंट क्राइम)। एक पिता के लिए सबसे बड़ी खुशी तब होती है जब जीवन की सफलता के पथ पर उसका बेटा उससे आगे निकले। ये पल एक पिता के लिए उसके जीवन का सबसे गौरवमयी पल होता है जब सफलता बेटे को मिले और बधाई शुभकामनाए पिता को मिले। चौपला के कारोबारी प्रदीप कंसल के बेटे नमन कंसल ने वो मुकाम हासिल किया है। नमन कंसल ने अपने पहले ही प्रयास में आईआईटी एग्जाम पास किया है। छबील दास स्कूल से 12वी की परीक्षा 95 प्रतिशत अंक प्राप्त कर पास करने वाले नमन कंसल ने अब यह उपलब्धि हासिल की है। पूरे परिवार और जिले का नाम रोशन किया है।

## चिन्टू जी




गाजियाबाद (करंट क्राइम)। चिंटू जी की गुस्ताखियां माफ हों.. नोट : चिंटू जी कॉलम अखबार में ही प्रकाशित होता है। इस किरदार का सोशल मीडिया पर अखबार से अतिरिक्त डाली गई पोस्ट से कोई संबंध नहीं है।




- **क्यों कहा कहने वाले ने कि** एक समय गाजियाबाद में चर्चा थी बहुत ज्यादा हाई-फाई? कहने वाले कहते थे कि जब होगी जनरली साहब की गाजियाबाद से विदाई? तब यहां के जनप्रतिनिधियों में देगी बहुत ज्यादा ताकत दिखाई? मगर क्रान्तिकारी विधायक जी की लैटर वॉर को देखकर हमें हो रहा है कुछ और ही अहसास? ऐसा लग रहा है जैसे वो अकेले ही जंग लड़ रहे हों साहब? सांसद और विधायक से हमें थी कुछ जोरदार करने के उम्मीदवार? मगर उन्होंने बैठक को अनौपचारिक बताकर कर दी है ताकत का इस्तेमाल नहीं करने तस्दीक?
- **क्यों कहा कहने वाले ने कि** हम आपको बताना चाहते हैं एक बात? बड़े वाले गोयल साहब को लेकर किसी ने गर्ग साहब के दिमाग में गलतफहमी डाली है बेहिसाब? कहने वाले ने कहा हम अक्सर रहते है गोयल साहब के साथ? उन्होंने तो आज तक किसी के सामने गोयल साहब के अंकों को लेकर नहीं कही है कोई बात? ऐसा लग रहा है कोई गलतफहमी फैलाकर बढ़ाना चाह रहा है गर्ग साहब के सामने अपने नंबर? इस गलतफहमी को फैलाने से वैसे भी कुछ होने नहीं वाला? क्योंकि गर्ग और गोयल साहब दोनों अपने समाज में हैं अम्बर?
- **क्यों कहा कहने वाले ने कि** हैंडपम्प वाले टीटू जी का जलवा है जलाल? सुना है नल वाले बड़े बड़े नेता वो नहीं कर पाये जो कर दिखाया टीटू जी ने कमाल? पीएम के शपथ ग्रहण वाले कार्यक्रम में टीटू जी ने मारी जोरदार एन्ट्री? वीवीआईपी दीर्घा में हमने किये उनके दीदार? शपथ ग्रहण में उनकी मौजूदगी एहसास करा रही थी कि चौधरी साहब के माइंड में उनका किरदार है जोरदार?
- **क्यों कहा कहने वाले ने कि** पॉवर होती है जिसके पास उसका रूतबा होता है बेहिसाब? बड़े बड़े चेहरे पॉवर के आगे सरेंडर कर देते हैं? कुछ ऐसा ही करा रहे हैं गर्ग साहब एहसास? सुना है जब से राजनीति में बढ़ा है उनका जबरदस्त कद? तब से समाज के उन लोगों ने भी सरेंडर कर दिया है जो पार कर रहे थे हद? सुना है दो वैश्य चेहरों ने ले लिया है एकदम से यू-टर्न? कर ली है गर्ग साहब से जाकर मुलाकात? इसे ही ताकत का चमत्कार कहते हैं, ऐसे ही बड़े बड़े विरोधी परास्त हो जाते हैं साहब?
- **क्यों कहा कहने वाले ने कि** शहर विधानसभा उपचुनाव को लेकर आप बेमतलब में मचा रहे हो पंजाबी फैक्टर पर शोर? कम से कम पंजाबी चेहरों को भी तो दिखाना चाहिए अपनी दावेदारी का जोर? आप देख रहे होंगे दावेदारी को लेकर भाजपा नेता सरदार एसपी सिंह अभी भी हैं खामोश? वो सिख भी हैं और पंजाबी भी हैं फिर क्यों दावेदारी को लेकर बाहर नहीं आ रहा है उनका जोश? कम से कम खुलकर कहें अपने मन की बात? ऐसी बात उनका समाज ही कह रहा है, कम से कम दावेदारी को लेकर निकालें तो सहीं अपनी आवाज?
- **क्यों कहा कहने वाले ने कि** साइकिल वाले संतोष भैया क्या पेश करेंगे आगे आकर कोई बड़ा उदाहरण? क्या बतायेंगे कि उनकी बूथ पर साइकिल का क्या हुआ है हाल? हमें पता है उनके बूथ पर साइकिल बहुत ज्यादा पिछड़ गई है? इसलिए उन्हें अच्छा नहीं लग रहा होगा ये सवाल? उन्हें अपनी सरकार से समय का भी रखना होगा ध्यान? साइकिल की वजह से ही मजबूत हुई थी उनकी पहचान? बता दें वो अपने बूथ पर पड़े वोटों की संख्या, खोल दें वो इस बार अपनी जुबान?
- **क्यों कहा कहने वाले ने कि** जब आप छाप ही रहे हो लगातार बूथ वाली रिपोर्ट? तो इस रिपोर्ट पर अभी तक क्यों है जटवाड़ा वाले चौधरी ब्रदर्स खामोश? दोनों का है राजनीति में मजबूत किरदार? दोनों को कम से कम लाना चाहिए अपने बूथ पर मिले वोटों का आंकड़ा बाहर? कम से कम दोनों ब्रदर करें तो सही इस बारे में शुरूआत? या फिर बूथ पर वोट को लेकर इनका भी मामला डाउटफुल है साहब?
- **क्यों कहा कहने वाले ने कि** विधानसभा उपचुनाव की दिखने लगी हैं मजबूरियां? हमें पता चला है मिस्टर नागर और रेडफेस मैन के बीच में बढ़ गई हैं दूरियां? हमें पता चला है अपनी ही बिरादरी के पूर्व विधायक प्रशांत चौधरी का मिस्टर नागर ने झंडा उठा लिया है जोरदार? वो कह रहे हैं कि चौधरी साहब की वरिष्ठता ही है उनकी दावेदारी का मजबूत आधार? सुना है इस बात ने कर दिया है यादव जी का हार्ट बर्न? वो अचंभित है इस बात पर कि नागर जी ने कैसे ले लिया अचानक यू-टर्न?
- **क्यों कहा कहने वाले ने कि** नदिया पार के एक नेता पूरी पवन की ताकत से रहते हैं मंत्री जी के लिए सदा रेडी? सुना है प्रधानमंत्री के शपथ ग्रहण कार्यक्रम को भी किया था उन्होंने मंत्री जी के यहां पर सेलीब्रेट? मगर यहां पर कुछ ऐसा हुआ कि किसी ने चोर ने उड़ा दिया नेता जी का फोन? सुना है जश्न के बाद उन्होंने अपने फोन पर कई फोन मिलाये? मगर लगातार सुनाई दे रही थी स्विच ऑफ वाली टोन? हो गया इनके जश्न का मजा किरकिरा, ना जाने कौन हाथ साफ कर गया कौन सा सरफिरा?
- **क्यों कहा कहने वाले ने कि** नदिया पार के त्यागी पार्षद का जब होने लगा पुरम वाले ग्रुप पर गुणगान? सुना है पार्षद की तारीफों के लगातार पुल बंधने से हो गये एक महानमंत्री बहुत ज्यादा परेशान? इससे पहले कि और भी ज्यादा तारीफों का आता ग्रुप पर तूफान? उससे पहले ही महानमंत्री ने ग्रुप को एडमिन मोड में डाल दिया? एक झटके में कर दिया तमाम तारीफो का समाधान?

नोट : उठते सवालों का करंट लेखक की व्यक्तिगत राय नहीं है, बल्कि रोजाना क्षेत्र में उठने वाली चर्चाओं का संग्रह है।

## दैनिक करंट क्राइम पोस्ट ऑफ द डे




गाजियाबाद (करंट क्राइम)। भाजपा के पूर्व जिला अध्यक्ष अमरदत्त शर्मा ने अपने सफल सुखद खुशहाल वैवाहिक जीवन की 51वी वर्षगांठ पूरे हर्ष उल्लास के साथ मनाई। मां पिता को उनकी मैरिज एनिवर्सरी की बधाई उनके पुत्र पूर्व पार्षद कपिल वशिष्ठ ने दी। उन्होंने मम्मी पापा की मैरिज एनिवर्सरी की खुशी को फेसबुक पर साझा किया। कामना की कि आप दोनो की जोड़ी यूं ही सलामत रहे और आप का आशीर्वाद हम पर बना रहे। यह पोस्ट बनी करंट क्राइम पोस्ट ऑफ द डे।